
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी





रामायण में राजा निभाएंगे टीवी जनक का किरदार अभिनेता राजीव

प्राइवेसी पर हमला बर्दाश्त नहीं

वर्ष : 12 | अंक : 248 | लखनऊ, 02 सितम्बर, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

नेपाल बाढ़ त्रासदी

# नहीं थम रहा मौतों का सिलसिला, 1058 लोगों ने गंवाई जान, 4606 अभी भी लापता

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नेपाल में आई बाढ़ ने इतनी तबाही मचाई है कि इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि अब तक इस आपदा में जहां 1,000 से ज्यादा लोगों की जान गई है, वहीं अभी भी हजारों लोग लापता हैं, जिन्हें ढूंढने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। नेपाल पुलिस ने बताया है कि रसुवा में भोटे कोशी नदी में आई भयानक बाढ़ के बाद 1,058 शव मिले हैं। वहीं 4,606 लोग लापता हैं। वहीं, 12 हजार से लोग ज्यादा बचाए गए। खोज, बचाव, शव प्रबंधन और राहत कार्य जारी हैं। इस काम के लिए कुल 7,912 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें से 65 कर्मी प्रभावित हुए हैं और 25 से संपर्क नहीं हो पा रहा है। आपातकालीन टीमें हेलिकॉप्टर और अन्य विमानों का इस्तेमाल करके उन इलाकों में फंसे लोगों तक पहुंच रही हैं, जहां बाढ़ और भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क टूट गया है।

12 हजार से लोग ज्यादा बचाए गए

7,912 पुलिस कर्मियों को तैनात किया


बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर से राहत अभियान जारी


... बचपन की बेफिक्री
आपदा प्रभावित रसुवा क्षेत्र में बच्चे खेलते हुए

### बाढ़ में बह गईं बैंक की तिजोरियां

बाढ़ में बह गए कम से कम 20 बैंकों के लापता तिजोरियों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित करने के लिए पुलिस जद्दोजहद कर रही है, ताकि वे गलत हाथों में न पड़ें। इनमें से कुछमें भारी मात्रा में कैश और अन्य कीमती सामान हैं। डीआईजी अबी नारायण काफ्ले ने कहा कि बाढ़ के बाद की मुश्किल स्थिति में प्रभावित इलाकों में कानून-व्यवस्था भी बनाए रखना जरूरी है। रसुवा, धाडिंग, चितवन और दूसरी जगहों पर कई बैंक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए थे। उनमें से कईयों में नगद और सोना जैसी कीमती चीजें थीं।

## भारतीय दूतावास ने शवों की शिनाख्त के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

नेपाल में स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय परिवारों को उनके प्रियजनों के शवों की पहचान करने में सहायता के लिए चरण-दर-चरण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दूतावास ने बताया कि नेपाल सरकार मृतकों की तस्वीरें और विवरण जारी कर रही है, जिन्हें वेबलिंक के माध्यम से देखा जा सकता है। यदि कोई परिवार तस्वीरों के माध्यम से शव की पहचान करने में सक्षम होता है, तो दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करके पार्थिव शरीर सौंपने और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में पूरी मदद करेगा।

### डीएनए और फोरेंसिक सैंपल मिलान जरूरी


नेपाली अधिकारी शवों की शिनाख्त कर अस्पताल ले जा रहे

दूतावास ने कहा कि नेपाल सरकार ने शवों को अस्थायी रूप से दफनाया है। ऐसे शवों की पहचान के लिए प्रथम-श्रेणी के रिश्तेदारों के साथ डीएनए मिलान की आवश्यकता होगी। नेपाली अधिकारी डीएनए प्रोफाइल बनाने के लिए शवों से डीएनए के नमूने ले रहे हैं। मिलान के लिए, मृतकों के करीबी रिश्तेदार अपना डीएनए प्रोफाइल ईमेल **dna-codis@nepalpolice.gov.np** पर भेज सकते हैं या नेपाली अधिकारियों द्वारा मांगी गई प्रारंभिक जानकारी के साथ अपने खून के नमूने दे सकते हैं।

### भारतीय दूतावास के हेल्पलाइन नंबर पर करें संपर्क

डीएनए प्रोफाइलिंग से संबंधित अन्य जानकारी नेपाल पुलिस की वेबसाइट **https://www.nepalpolice.gov.np/** और उनके हेल्पलाइन नंबर +977 9841616095 पर उपलब्ध है। किसी भी अतिरिक्त सहायता या पूछताछ के लिए, भारतीय दूतावास से व्हाट्सएप नंबरों +977 9851316807, +977 9709107500, या +977 9810326117 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### नॉर्वे सम्राट के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली स्थित नॉर्वे दूतावास जाकर सम्राट हेराल्ड पंचम के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक पुस्तिका में भारत सरकार और देश की जनता की ओर से अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। उन्होंने दिवंगत सम्राट की नॉर्वे के प्रति समर्पित सेवाओं और भारत-नॉर्वे संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान को भी स्मरण किया। इस दौरान भारत में नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर और दूतावास के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।



### पाकिस्तान में 125 साल पुराना मंदिर गिराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक 125 साल से ज्यादा पुराने हिंदू मंदिर को मदरसा बनाने के लिए गिरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'तेहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान' नाम की एक प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी के सदस्यों ने मंदिर को 21 अगस्त कोगिरा दिया था, ताकि इस जमीन को मदरसे में शामिल किया जा सके। सरकार का दावा है कि 100-125 साल पुराना यह मंदिर भारी बारिश की वजह से खुद ढह गया।



### 26वें शंघाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने विश्व को चेताया

# आतंकवाद पूरी 'मानवता' के लिए गंभीर खतरा, कट्टरपंथी सोच पर लगाएं लगाम


एससीओ में संबोधित करते पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पीएम नरेंद्र मोदी ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 26वें एससीओ समिट में विश्व को आतंकवाद के प्रति सचेत करते हुए आतंकवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देने वाले तत्वों पर रोक लगानी होगी। इस सम्मेलन में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में एससीओ ने यूरेशिया के विशाल भूभाग में संवाद और सहयोग की एक मजबूत परंपरा विकसित की है। हमने मिलकर अपने लोगों की भलाई के साथ-साथ मानवता के विकास में भी बहुमूल्य योगदान दिया है। इन पच्चीस वर्षों में हमने सहयोग की मजबूत नींव तैयार की है। अब आने वाले पच्चीस वर्षों में हमारा लक्ष्य इस सहयोग को स्पष्ट परिणामों में बदलने का होना चाहिए।

विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा | तीन बातों सुरक्षा, संपर्क और अवसर का किया उल्लेख

### लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी


एससीओ सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुख का समूह चित्र

पीएम मोदी ने कहा कि आज जब विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता से गुजर रहा है, हमें अपने साझा भूगोल को साझा अवसरों में बदलना है और हमारे प्रयासों से हमारे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना हैं। पिछली बैठक में मैंने एससीओ को लेकर भारत की सोच के तीन मुख्य स्तंभों का उल्लेख किया था: एस से सिक्योरिटी (सुरक्षा), सी से कनेक्टिविटी और ओ से ऑपर्चुनिटी (अवसर)। अब समय है कि इन तीनों स्तंभों को विजन से आगे बढ़ाकर ठोस आउटकम (उपलब्धि) तक ले जाया जाए। और इसकी पहली आवश्यकता है- शांति और सुरक्षा।

### आतंकवाद पर द्विपक्षीय मापदंड नहीं चलेंगे

पीएम मोदी ने आतंकवाद को लेकर भारत की मंशा स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद आज भी पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसके विरुद्ध लड़ाई में हम एक्शन-रिएक्शन की सोच तक सीमित नहीं रह सकते। हमें आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित पनाहगाहों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को ध्वस्त करना होगा। हमें एक स्वर में बोलना होगा कि इस गंभीर विषय पर द्विपक्षीय मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।

### युद्ध का समाधान बातचीत से ही संभव

पीएम ने एक दूसरे से जुड़े रहने को दुनिया के लिए जरूरी करार दिया। उन्होंने कहा कि आज की इंटरकनेक्टेड दुनिया में सुरक्षा की परिधि और भी व्यापक हो चुकी है। पश्चिम एशिया के संकट ने यह दिखाया है कि किसी एक क्षेत्र का संघर्ष वहीं तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव पूरे विश्व की एनर्जी सिक्योरिटी, मैरीटाइम ट्रेड और सप्लाई चेन्स पर पड़ता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा ग्लोबल साउथ के देशों को भुगतना पड़ता है। इसलिए भारत का आह्वान रहा है कि सभी तनावों और युद्धों का समाधान बैटलफील्ड पर नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी से ही संभव है।

### नशा युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

पीएम मोदी ने नशीले पदार्थों की तस्करी को भी रोकने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रग ट्रैफिकिंग केवल एक अपराध नहीं है बल्कि हमारी युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। एससीओ के अंतर्गत सिक्योरिटी थ्रेट्स, ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, इन्फोर्मेशन सिक्योरिटी और नार्कोटिक्स जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए स्थापित किए जा रहे सेन्टर्स एक सकारात्मक कदम है। हमें व्यावहारिक समन्वय और समय पर कार्रवाई कर इन्हें प्रभावी माध्यम बनाना चाहिए।

### एस. जयशंकर की रूसी और ईरानी समकक्षों से हुई चर्चा

एससीओ शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूसी और ईरानी समकक्षों संग हुई छोटी सी मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि एससीओ समिट 2026 से इतर ईरान और रूस के विदेश मंत्रियों से छोटी सी मुलाकात हुई। जयशंकर रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ दिखाई दे रहे हैं।



### राजनाथ सिंह ने की डिफेंस पीएसयू की समीक्षा

# सुरक्षा के लिए पांच साल का रोडमैप तैयार करने का निर्देश


समीक्षा बैठक करते राजनाथ सिंह

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के वार्षिक प्रदर्शन और प्रगति की व्यापक समीक्षा की है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए एक स्पष्ट और व्यावहारिक रोडमैप तैयार करने का आह्वान किया। यह रोडमैप बदलते समय और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत करने वाला होना चाहिए। समीक्षा का जोर देश में रक्षा उत्पादन को और मजबूत करना, स्वदेशी तकनीकों का विकास, नवाचार को बढ़ावा देना और रक्षा निर्यात था।

### डीपीएसयू की रक्षा क्षेत्र में अहम भूमिका

राजनाथ सिंह ने कहा कि डीपीएसयू देश की रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने डीपीएसयू को अपनी उत्पादन क्षमता, तकनीकी क्षमताओं और अनुसंधान एवं विकास को लगातार बेहतर बनाने पर जोर दिया, ताकि भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की जरूरतों को देश में ही पूरा किया जा सके। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और नवाचार को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई।

### रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर

राजनाथ सिंह ने रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रक्षा उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धी और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद विकसित करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डिफेंस पीएसयू में बदलाव को केवल आर्थिक या औद्योगिक सुधार के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिफेंस पीएसयू का रूपांतरण केवल आर्थिक या औद्योगिक आवश्यकता नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यता है। समीक्षा बैठक का व्यापक उद्देश्य डिफेंस पीएसयू को भविष्य की रक्षा जरूरतों के लिए अधिक सक्षम, तकनीकी रूप से उन्नत और प्रतिस्पर्धी बनाना रहा। डिफेंस पीएसयू के प्रदर्शन में सुधार, स्वदेशी तकनीक पर जोर और राष्ट्रीय सुरक्षा क्षमता को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### पूर्वोत्तर राज्यों में सेना की बड़ी कार्रवाई

# 300 करोड़ के नशीले पदार्थ व प्रतिबंधित सामग्री बरामद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पूर्वोत्तर राज्यों में मादक पदार्थों और प्रतिबंधित सामान की तस्करी के खिलाफ भारतीय सेना ने व्यापक अभियान चलाया है। इन अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने 300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और प्रतिबंधित सामान बरामद किए हैं। यहां हेरोइन, अफीम, मॉर्फिन व ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। मणिपुर, असम और मिजोरम के अलग-अलग जिलों में यह कार्रवाई की गई।

### बड़ी मात्रा में हेराइन, अफीन, ब्राउन शुगर जब्त



सेना के मुताबिक खुफिया सूचना के आधार पर मणिपुर में ये अभियान चुराचांदपुर, सेनापति और कामजोंग जिलों में और मिजोरम में आइजोल और चंपई जिलों में चलाए गए। असम के कछार और श्रीभूमि जिलों में भी सेना और असम राइफल्स ने राज्य पुलिस तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाए। बरामदगी में बड़ी मात्रा में हेरोइन, याबा और मेथम्फेटामाइन की गोलियां, अफीम, मॉर्फिन, ब्राउन शुगर, पॉपी सीड्स, सिगरेट तथा बिना हिसाब की नकदी शामिल है।

### 75 लाख की बेहिसाब नकदी भी बरामद

विभिन्न अभियानों के दौरान बरामद नशीले पदार्थों में 1.32 किलो हेरोइन 7.7 लाख मेथम्फेटामाइन की गोलियां, 13.23 किलो अफीम, 8.22 किलो मॉर्फिन और 360 ग्राम ब्राउन शुगर, 11,630 किलो पॉपी सीड्स तथा 4.5 लाख सिगरेट स्टिक भी बरामद किए। इसके अलावा 75.025 लाख रुपए की बिना हिसाब की नकदी भी सुरक्षा बलों के हाथ लगी है। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य प्रतिबंधित सामान की आवाजाही पर रोक लगाना था।

### भारतीय सेना का बड़ा कदम

# पहले चरण में 41 आर्मी स्टेशनों को 'पीएनजी' से जोड़ा जाएगा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भारतीय सेना अब अपने सैन्य प्रतिष्ठानों में पारंपरिक ईंधन की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) को बढ़ावा देने की तैयारी में जुट गई है। पहले चरण में 41 आर्मी स्टेशनों को पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य है।

इसी कड़ी में दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में 'पीएनजी ट्रांजिशन वेबिनार-2026' आयोजित किया गया। सेना का लक्ष्य है कि जहां भी पीएनजी की सुविधा व्यवहारिक रूप से उपलब्ध है, वहां सैन्य प्रतिष्ठानों को चरणबद्ध तरीके से इससे जोड़ा जाए। सेना ने वित्त वर्ष 2026-27 में 41 आर्मी स्टेशनों को पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके बाद इस व्यवस्था का विस्तार उन दूसरे सैन्य प्रतिष्ठानों तक किया जाएगा, जहां पीएनजी उपलब्ध कराना संभव होगा। यह पहल केंद्र सरकार के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विजन के अनुरूप है। सेना के लिए यह बदलाव ऊर्जा के अधिक कुशल इस्तेमाल के साथ-साथ एक अधिक टिकाऊ ईंधन व्यवस्था की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।


वेबिनार में चर्चा करते हुए अधिकारी

### जन्माष्टमी पर 'दही हांडी' फोड़ने के लिए रिहर्सल



**मुंबई।** हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस साल भगवान श्रीकृष्ण का 5253 वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस बार 4 सितंबर के दिन आधी रात को 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मुंबई में 'दही हांडी' के आने वाले जश्न से पहले रिहर्सल के दौरान, महिलाओं की एक गोविंदा मंडली की सदस्य मिट्टी की हांडी फोड़ने के लिए एक छोटी बच्ची को अपने कंधों पर उठाए हुए संतुलन बनाती हुई। 'निर्भया महिला गोविंदा पथक' की सदस्य इस बड़े त्योहार की तैयारी के लिए इंसानी पिरामिड बनाने का अभ्यास कर रही थीं।

## गोबर फेंकने को लेकर विवाद, मारपीट में चार पर मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। थाना क्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव में रास्ते पर गोबर फेंकने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी पुलिस के अनुसार गौतमखेड़ा निवासी दिलीप (30) पुत्र किशोरी रावत ने तहरीर देकर बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे गांव के रास्ते पर जानवरों का गोबर डालने को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई आरोप है कि विवाद बढ़ने पर विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर बाबूलाल पुत्र स्व. परीदीन रावत, प्रेमा पत्नी बाबूलाल, संदीप पुत्र बाबूलाल तथा अनुज पुत्र बाबूलाल, सभी निवासी गौतमखेड़ा, के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार यादव को सौंपी गई साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही।

## अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर कीमती सामान और नगदी किया पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर टीवी, टैबलेट, लैपटॉप, इनवर्टर-बैटरी समेत 25 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सरोजनीनगर के रहीमाबाद स्थित यमुना रेजिडेंसी निवासी महेश कुमार यादव के मुताबिक 14 अगस्त की रात वह परिवार के साथ किसी काम से बाहर गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर की छत के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और घर के अंदर रखा काफी मात्रा में कीमती सामान पार कर दिया। पीड़ित का कहना है कि 20 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे जब वह परिवार सहित घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से एसर कंपनी का 32 इंच स्मार्ट टीवी, सैमसंग टैबलेट, लेनोवो लैपटॉप, साउंड बार, इनवर्टर-बैटरी और 25 हजार रुपये गायब मिले। बाद में पीड़ित ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों का सुराग लगाने में जुट गई है।

## कैप्टन दिनेश सिंह बने रालोद पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के संतकबीर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष

लखनऊ। रालोद के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ में संगठन विस्तार को गति देते हुए कप्तानगंज, बस्ती निवासी कैप्टन दिनेश सिंह को संत कबीर दास नगर क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष को मनोनयन पत्र रालोद के प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्यराज सिंह एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी तथा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल तोमर ने संयुक्त रूप से सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्यराज सिंह ने कहा कि कैप्टन दिनेश सिंह के अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

# डेढ़ दशक से जलभराव की मार झेल रहा स्टेशन रोड-बैरिसालपुर संपर्क मार्ग, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें

**निगोहां के स्टेशन रोड–बैरिसालपुर संपर्क मार्ग पर जलभराव के बीच जान जोखिम में डालकर गुजरते राहगीर**

अमन लेखनी समाचार



निगोहां। स्टेशन रोड से बैरिसालपुर को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग पिछले करीब डेढ़ दशक से बदहाली और जलभराव की समस्या से जूझ रह हर वर्ष बरसात में सड़क का बड़ा हिस्सा पानी में डूब जाता जिससे राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो जाता जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने और सड़क के जर्जर होने से लोगों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा। बारिश के दौरान सड़क तालाब का रूप ले लेती है। कई स्थानों पर बने गहरे गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता दोपहिया वाहन चालक अक्सर फिसलकर चोटिल हो जाते जबकि पैदल चलने वाले, स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग कीचड़ और गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार लोग इस मार्ग से निकलने के बजाय लंबा रास्ता अपनाने को विवश हो जाते हैं। ग्रामीणों के अनुसार सड़क की दुर्दशा कोई नई समस्या नहीं वर्षों से सड़क के पुनर्निर्माण और स्थायी जल निकासी व्यवस्था की मांग की जा रही कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हर वर्ष बरसात के साथ समस्या और विकराल हो जाती है। जलभराव के कारण आसपास के घरों और दुकानों तक पहुंचना भी कठिन हो जाता व्यापारियों का कारोबार प्रभावित होता वहीं आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी इस मार्ग से आसानी से नहीं गुजर पाते क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क का पुनर्निर्माण और जल निकासी की स्थायी व्यवस्था नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

विमलेश सिंहः 'करीब 15 वर्षों से सड़क की यही स्थिति है। हर बरसात में सड़क तालाब बन जाती है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल आश्वासन देते हैं।'

जतिन सिंहः 'गहरे गड्ढों में पानी भर जाने से रोज दुर्घटनाएं होती हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को होती है।'

दीपक पटेलः 'बारिश के दिनों में घर से निकलना भी मुश्किल हो जाता कई बार बाइक फिसलने से लोग घायल हो चुके हैं।'

उस्मानः 'जल निकासी की व्यवस्था न होने से पानी कई दिनों तक सड़क पर भरा रहता समस्या का स्थायी समाधान होना चाहिए।'

विनोदः 'जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब केवल आश्वासन नहीं, सड़क का निर्माण चाहिए।'

# जनसेवा केंद्र संचालक से बीस हजार की साइबर ठगी

**जालसाज ने बैटरी दुकानदार को भी फोन कर बनाया लेनदेन का फर्जी माहौल, रकम मिलते ही दोनों नंबर किए ब्लॉक**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का अनोखा मामला सामने आया है। जालसाज ने जनसेवा केंद्र संचालक और बैटरी दुकानदार को अलग-अलग फोन कर अपनी बातों में उलझाया। दोनों के बीच लेनदेन होने का विश्वास दिलाकर जालसाज ने जनसेवा केंद्र संचालक से 20 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। रकम मिलते ही उसने दोनों के मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही रहीमाबाद पुलिस को भी सूचना दी है।

रहीमाबाद कस्बा निवासी जनसेवा केंद्र संचालक अमन सोनी के मुताबिक मंगलवार दोपहर उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। बातचीत के दौरान उसने एक लेनदेन के संबंध में अमन को विश्वास में लिया। इसके बाद जालसाज ने औरास रोड स्थित उत्तम बैटरी के संचालक को भी फोन किया और दोनों को अलग-अलग जानकारी देकर आपस में लेनदेन होने का भरोसा दिलाया।

अमन के अनुसार जालसाज ने उनके व्हाट्सएप पर एक स्कैनर भेजा और बताया कि बैटरी दुकानदार उत्तम उनकी दुकान पर जाकर बैटरी का भुगतान प्राप्त कर लेंगे। वहीं उत्तम से कहा गया कि अमन ऑनलाइन 20 हजार रुपये का भुगतान कर देंगे। जालसाज की बातों पर भरोसा कर अमन ने उसके भेजे स्कैनर के जरिए 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। रकम खाते में पहुंचते ही जालसाज ने फोन काट दिया। कुछ देर बाद अमन और उत्तम ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया तो दोनों के नंबर ब्लॉक मिले। इसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही रहीमाबाद पुलिस को मामले की जानकारी दी है। उन्होंने जालसाज की पहचान कर कार्रवाई करने और ठगी की रकम वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 27 साल पुराने मामले का वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे




अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज पुलिस ने 27 वर्ष पुराने मुकदमे में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम देवती, थाना नगराम निवासी पप्पू (55) पुत्र नन्हकू के विरुद्ध वर्ष 1998 में थाना मोहनलालगंज में अपराध संख्या 402/98 के तहत धारा 379 (चोरी) एवं 411 (चोरी का माल रखने) आईपीसी में मुकदमा दर्ज हुआ था वाद संख्या 807/99 न्यायालय में विचाराधीन है, लेकिन अभियुक्त लंबे समय से निर्धारित तिथियों पर उपस्थित नहीं हो रहा था। इस पर न्यायालय ने उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को दबिश देकर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# निजी अस्पतालों में फायर विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप, नहीं मिली फायर एनओसी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद कस्बे में मंगलवार दोपहर को निजी अस्पतालों में उस समय हड़कंप मच गया, जब फायर विभाग की टीम ने अचानक अस्पतालों में पहुंचकर अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था और फायर एनओसी की जांच शुरू कर दी। फायर विभाग की टीम ने एक के बाद एक कई निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान अस्पताल संचालकों से फायर एनओसी समेत अग्निसुरक्षा से संबंधित जरूरी दस्तावेज मांगे गए।

फायर विभाग के दरोगा राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में टीम ने रहीमाबाद स्थित जीवन धारा हॉस्पिटल, नाव्या हॉस्पिटल, द ऑक्सीजन हॉस्पिटल, न्यू प्रयाग हॉस्पिटल और मानवी हॉस्पिटल समेत अन्य निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से अस्पताल संचालकों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। टीम ने अस्पतालों में अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा इंतजामों और फायर एनओसी से संबंधित अभिलेखों की जानकारी ली।

### जांच में किसी अस्पताल के पास नहीं मिली एनओसी

फायर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, निरीक्षण के दौरान जांच किए गए अस्पतालों में फायर एनओसी से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जा सके। इसके बाद टीम ने अस्पताल संचालकों को अग्निसुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। विभाग की ओर से अब जांच की रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

दरोगा राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि जांच के दौरान फायर एनओसी नहीं मिलने की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। इसके बाद करीब तीन दिन में उच्च अधिकारियों के स्तर से संबंधित अस्पतालों को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस जारी होने के बाद अस्पताल संचालकों को अग्निसुरक्षा संबंधी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने का मौका दिया जाएगा।

### नियमों की अनदेखी पर होगी कार्रवाई

फायर विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अग्निसुरक्षा व्यवस्था बेहद जरूरी है। अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीज, तीमारदार और कर्मचारी मौजूद रहते हैं। ऐसे में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी समय गंभीर घटना का कारण बन सकती है। विभाग की ओर से अब अस्पतालों की अग्निसुरक्षा व्यवस्था की जांच आगे भी जारी रहने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, नोटिस दिए जाने के बाद अगले तीन दिन के बाद यदि संबंधित अस्पतालों द्वारा फायर एनओसी प्राप्त करने और निर्धारित अग्निसुरक्षा मानकों को पूरा करने में लापरवाही बरती जाती है तो नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। फायर विभाग की इस कार्रवाई के बाद रहीमाबाद क्षेत्र के अन्य निजी अस्पताल संचालकों में भी खलबली मची हुई है।

# एनओसी पर फंसा कुबहरा सड़क निर्माण, किसानों का धरना 14वें दिन भी जारी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कमलापुर-विचलखा माइनर से कुबहरा तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना सोमवार को 14वें दिन भी सामुदायिक मिलन केंद्र पर जारी रहा इस दौरान पीडब्ल्यूडी और वन विभाग के अधिकारियों के साथ किसानों की वार्ता में यह बात सामने आई कि पीडब्ल्यूडी ने अब तक सड़क निर्माण के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) का अनुरोध ही नहीं किया इस खुलासे के बाद धरना स्थल पर किसानों ने नाराजगी जताई। बताया गया कि संगठन ने पहले मंगलवार को वन विभाग कार्यालय, मोहनलालगंज के घेराव का ऐलान किया था लेकिन प्रदेश अध्यक्ष के बड़े भाई के निधन के कारण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया शोक के चलते धरना स्थल पर माइक और नारेबाजी भी नहीं की गई। दोपहर में पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता सूर्यमणि मिश्रा और अवर अभियंता के साथ वन विभाग की अधिकारी शुभी श्रीवास्तव धरना स्थल पहुंचीं संयुक्त वार्ता के दौरान स्पष्ट हुआ कि एनओसी के लिए वन विभाग को अब तक कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं भेजा गया जबकि 21 अगस्त को राजस्व वन और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण कर किसानों को एनओसी मिलते ही सड़क निर्माण शुरू कराने का आश्वासन दिया था। इस पर किसानों ने अधिकारियों से जवाब मांगा और कुछ देर तक उन्हें धरना स्थल पर रोके रखा बाद में अधिकारियों ने 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक उच्चाधिकारियों के साथ दोबारा वार्ता करने का भरोसा दिया जिसके बाद मामला शांत हुआ। संगठन के मंडल महामंत्री हरिपाल सिंह ने चेतावनी दी कि यदि तय समय पर सक्षम अधिकारी नहीं पहुंचे तो किसान विभागीय कार्यालयों का घेराव करेंगे। धरने में प्रदेश महासचिव दिनेश यादव, जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार, युवा ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# निजी बस डीसीएम से टकराई, कई यात्री घायल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार प्राइवेट बस आगे जा रही डीसीएम से टकरा गई। इस हादसे में बस पर सवार कई यात्री मामूली रूप से चोटिल हो गए। बाद में पुलिस की मदद से उनका प्राथमिक इलाज कराया गया। इसके बाद दूसरी बस से वह गंतव्य रवाना हो गए। पुलिस के मुताबिक अलीगढ़ जिले के इगलास थाना क्षेत्र में रहने वाला बस चालक फिरोज अपनी बस में 56 सवारियां लेकर कानपुर रोड की तरफ से किसान पथ होते हुए सुल्तानपुर रोड की तरफ जा रहा था। तभी बिजनौर थाना क्षेत्र में अलीनगर खुर्द के पास मंगलवार सुबह करीब 5:45 बजे पेंट के डिब्बो से लदी डीसीएम को ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार बस डीसीएम में टकरा गई। बस के टकराने से उसमें सवार यात्री दहशत में आ गए और उनमें चीख पुकार मच गई। घटना में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही जौनपुर जिले के बदलापुर स्थित मिरसातपुर निवासी चंद्रास्वामी (26) सहित करीब आधा दर्जन लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। इसमें से अधिक चोटिल चंद्रास्वामी को आनन फानन बस से निकाल कर पुलिस ने 108 एंबुलेंस के जरिए सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। वहीं इस घटना से डीसीएम में लदे पेंट के डिब्बे/ बाल्टी रोड पर फैल गए।हालांकि बाद में पुलिस ने उसको सड़क के किनारे करवाया। पुलिस का कहना है कि बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटे आईं थी। इसके बाद प्राथमिक इलाज के बाद वह दूसरी बस से अपने गंतव्य रवाना हो गए।

# गोपाल गुप्ता फिर बने माल उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष

**युवा व्यापार मंडल की कमान अभिषेक सोनी को, शुभम गुप्ता बने महामंत्री**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उद्योग व्यापार मंडल माल में एक बार फिर संगठन की कमान गोपाल गुप्ता को सौंप दी गई। व्यापारियों की सर्वसम्मति से गोपाल गुप्ता को माल उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष पुनः मनोनीत किया गया। उनके नाम पर सभी पदाधिकारियों की सहमति बनने के बाद संगठन में उनके नेतृत्व पर एक बार फिर भरोसा जताया गया। मनोनयन की प्रक्रिया के दौरान संगठन के संरक्षक विजय कुमार सिंह चौहान, संस्थापक सदस्य उमाशंकर त्रिपाठी तथा उप संरक्षक राज प्रताप सिंह और अनिल गुप्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने गोपाल गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को और मजबूत बनाने तथा व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया। वहीं संगठन में युवा व्यापारियों की भागीदारी बढ़ाते हुए अभिषेक सोनी को युवा व्यापार मंडल का अध्यक्ष और शुभम गुप्ता को महामंत्री मनोनीत किया गया। नए पदाधिकारियों के मनोनयन की जानकारी मिलते ही व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान संगठन की एकजुटता बनाए रखने, व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और व्यापारिक हितों के लिए मजबूती से आवाज उठाने का संकल्प लिया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने और व्यापारियों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा दिलाया।

# नीम के पेड़ से फांसी के फंदे से लटकता मिला कक्षा 9 के छात्र का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम कक्षा 9 के छात्र ने संदिग्ध हालत में नीम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बिजनौर के सरवन नगर निवासी पवन यादव का बेटा अर्पित यादव (18) पास के ही एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 9 का छात्र था। सोमवार शाम करीब 4:30 बजे अर्पित बिना बताए घर से कहीं चला गया। शाम करीब 5:30 बजे राहगीरों ने उसके घर से करीब 2 किलोमीटर दूर सरवन नगर मैदान के पास नीम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे एक युवक को लटका देख इसकी सूचना गांव के पूर्व प्रधान सोनू को दी। इसके बाद तमाम लोग इकट्ठा हो गए। तभी मृतक की पहचान अर्पित के रूप में हुई।पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक अर्पित नशे का आदी था। उसने नशे के लिए पिता से पैसे मांगे तो उन्होंने डांट दिया। जिसके बाद वह नाराज होकर वहां से चला गया था। शुरूआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। लेकिन उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जाँच की जा रही है। जांच के बाद ही घटना की सही वजह पता चल सकेगी। मृतक अर्पित के पिता पवन यादव आशियाना स्थित एक प्राइवेट स्कूल में चालक हैं।अर्पित के परिवार में पिता पवन के अलावा माँ मधु और बड़ा भाई हर्षित यादव है।

# तनुज पुनिया समेत कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## सांसद समेत अन्य कांग्रेसियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर भेजा इको गार्डेन

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व में मंगलवार को जीपीओ पार्क स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन कर उत्तराखंड में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के मंच के शुद्धिकरण करने के दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किए गये एफआईआर को निरस्त किये जाने की मांग की गयी। इसके बाद पुलिस द्वारा बलपूर्वक तनुज पुनिया सहित सभी कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर इको गार्डेन ले गयी जिन्हें देर शाम रिहा किया गया।

सांसद तनुज पुनिया के साथ उप्र कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के तमाम कांग्रेसजन प्रदर्शन में शामिल रहे। अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की मानसिकता दलित विरोधी है। दिखावे के लिए वे बाबा साहब अम्बेडकर और दलित महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण तो करते हैं किन्तु इनके मन में दलितों के प्रति सिर्फ उपेक्षा भरी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं एवं दलित वर्ग से आते हैं उनकी हल्द्वानी में जनसभा के बाद भाजपा के लोगों द्वारा मंच का शुद्धिकरण किया जाना पूरी तरह संविधान विरोधी कृत्य है। उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार अविलम्ब इस कृत्य के दोषियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करे एवं इस दलित विरोधी कृत्य के खिलाफ आवाज उठाने पर राहुल गांधी के विरूद्ध दर्ज किए गए फर्जी एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन एवं गिरफ्तार होने वालों में प्रमुख रूप से डा. शहजाद आलम, ममता चौधरी, मुकेश सिंह चौहान, सुशील कुमार बाल्मीकि, विषम सिंह, सिद्धिश्री, मुरली मनोहर, विनय गौतम, विनीत वर्मा, अमरनाथ पासवान, अखिलेश कनौजिया, अभय गौतम, अजय रावत सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

# कीचड़ उछलकर बाइक सवारों पर पड़ जाने से डीसीएम चालक को पीटा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क पर वाहन से कीचड़ उछलकर बाइक सवारों पर पड़ जाने से बाइक सवारों ने डीसीएम चालक के साथ गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। इस मामले में रायबरेली जिले के बछरावां स्थित बाबू खेड़ा निवासी डीसीएम चालक कुलभान यादव ने सोनू चौरसिया नामक युवक के साथ ही सात-आठ अन्य अज्ञात के खिलाफ बंथरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।कुलभान यादव के मुताबिक वह रिलायंस कंपनी में डीसीएम चालक है। उसका कहना है कि सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे वह बंथरा के नीवां बरौली से गुजर रहा था। इसी दौरान उसकी गाड़ी से उछला कीचड़ पास से गुजर रही बाइक पर पड़ गया। इस पर बाइक सवारों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट की। कुलभान का कहना है कि वह हनुमन्त ढाबे पर पहुंचा तो सात-आठ लोग वहां भी आ गए। उन्होंने ढाबा मालिक महेश यादव और कर्मचारी सोनू यादव से भी मारपीट कर कुर्सी-टेबल तोड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने डीसीएम चालक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनता की आवाज बुलंद करना सभी की साझा जिम्मेदारी

## लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी का एकजुट होने की जरूरत : अजय राय

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों से आये नागरिकों के साथ एक विशेष जनसंवाद लोक हुंकार जन संवाद, जन भागीदारी, जन परिवर्तन (जनता के साथ सीधे संवाद) का कार्यक्रम मंगलवार को गांधी भवन ऑडिटोरियम, कैसरबाग, लखनऊ में आयोजित किया गया, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी उप्र राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद राकेश राठौर एवं विधायक वीरेन्द्र चौधरी सहित वरिष्ठ नेतागण भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि आज जन संवाद, जन भागीदारी और जन परिवर्तन के संकल्प के साथ जनता के अधिकारों, सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद आप लोगों के बीच हुआ है। इसका समाज पर अच्छा प्रभाव जाएगा।

उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और उपस्थित सिविल सोसाइटी के साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने जनता की आवाज को मजबूत करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है, इसके लिए हम सभी की साझा जिम्मेदारी है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज विभिन्न क्षेत्रों एवं समुदायों के प्रतिनिधि यहां पर एकत्र हुए हैं लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का संकल्प लेने के लिए आये हैं। बहुत ही सार्थक चर्चा हुई है। उन्होने कहा कि आज देश में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी वर्गों और समुदायों के लोगों को एकजुट होने की जरूरत है। आज उप्र में हर तरफ भय का वातावरण पैदा किया गया है। उन्होंने कहा कि हम राहुल गांधी के सिपाही हैं जिनका कहना है कि देश में जहां कहीं भी पीड़ा दिखाई देगी वहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नेता पहुंचेंगे और पीड़ित की आवाज उठायेंगे।

सांसद राकेश राठौर ने कहा कि भाजपा देश में संविधान विरोधी कृत्य कर रही है, जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम के बाद मंच का शुद्धिकरण भाजपा के लोगों द्वारा किया गया उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाए हमारे नेता लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी। यह भाजपा का दलित विरोधी कृत्य है जो डा. बाबा साहब द्वारा बनाये गये संविधान का अपमान कर रही है।

## संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में सोमवार की रात अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर के अंदर कमरे में रखे टीनशेड की बल्ली में मफलर का फंदा बना कर फासी लगा ली मंगलवार सुबह परिजनों को घटना की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के नगवा गांव निवासी अनुज उर्फ भोला पुत्र नेकपाल उर्फ सोहन लाल 21 जिसकी शादी जून में होनी थी किंतु किसी कारण से शादी टूट गयी थी तब से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था साथ ही दो दिन पहले परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था जिससे वह नाराज था सोमवार की रात सभी खाना खा सोने चले गए रात को अनुज उर्फ भोला ने घर के अंदर पीछे कमरे में लगी टीन शेड की बल्ली में मफलर से फासी लगा ली सुबह शव लटकता देख चीख-पुकार मच गयी शोरगुल सुन कर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने शव को नीचे उतार कर जांच पड़ताल कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया मृतक दो भाईयों के बीच बड़ा था छोटा भाई सोनू एक बहन पर्वती है जिसकी शादी हो चुकी है पिता खेतीबाड़ी करते हैं बेटे की मौत से मां सुशीला देवी आहत है इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शादी टूटने से युवक परेशान रहता था किसी तरह का कोई भी आरोप नहीं लगाया गया है शव पीएम के लिए भेज दिया गया है पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की बिधिक कार्रवाई की जाएगी।

### भैंस चराने गए युवक की तालाब में डूबने से मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के तकिया निगोही गांव में सोमवार शाम भैंस चराने गया 40 वर्षीय युवक तालाब में डूब गया। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस, फायर ब्रिगेड और फ्लड कंपनी की टीम ने तालाब में युवक की तलाश शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद आज मंगलवार को गोताखोरों ने तालाब से शव बरामद कर लिया।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तकिया निगोही के मजरा पवारनखेड़ा निवासी संतोष (40) पुत्र फकीरे सोमवार को गांव के बाहर भैंस चराने गया था। शाम करीब छह बजे उसकी भैंस तालाब में चली गई। भैंस को बाहर निकालने के लिए संतोष भी तालाब में उतर गया। इसी दौरान वह गहरे पानी में पहुंचकर अचानक डूब गया और देखते ही देखते पानी में लापता हो गया।घटना की जानकारी आसपास मौजूद ग्रामीणों ने संतोष के परिजनों को दी। परिजनों के पहुंचने के बाद घटना की सूचना बेहटा मुजावर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड व फ्लड कंपनी की टीम को बुलाकर तालाब में खोजबीन शुरू कराई गई।टीम ने सोमवार देर शाम तक युवक की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। मंगलवार को भी कई घंटे तक तालाब में खोज अभियान चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने तालाब से शव बरामद कर लिया। संतोष की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस में शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## लालगंज हाईवे पर भीषण हादसा:आवारा मवेशी से टकराकर पेड़ से भिड़ी रोडवेज बस, 40 यात्री बाल-बाल बचे।

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव । तहसील क्षेत्र बीघापुर के उन्नाव-लालगंज नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। कानपुर से अमेठी जा रही अमेठी डिपो की रोडवेज बस (UP 36 T 1750) रात लगभग 1 बजे अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे स्टेयरिंग जाम हो गयी। हादसे के वक्त बस में करीब 40 यात्री सवार थे। अचानक हुए तेज धमाके और झटके से सो रहे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित बच गए और किसी के गंभीर हताहत होने की सूचना नहीं है। बस चालक हरीश चंद्र यादव ने हादसे की वजह बताते हुए कहा कि देर रात मूसलाधार बारिश हो रही थी, जिससे दृश्यता (विजिबिलिटी) काफी कम थी। इसी दौरान अचानक हाईवे के बीचों-बीच एक आवारा गोवंश आ गया। मवेशी को बचाने के चक्कर में बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खंती में स्टेयरिंग जाम होने की वजह से फस गयी घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों और राहगीरों की मदद से यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने की वैकल्पिक व्यवस्था कराई। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर आवारा पशुओं का जमावड़ा और बारिश के मौसम में खराब रोशनी आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही है।

### विद्युत करंट लगने से युवक की मौत,परिजनो में मचा कोहराम

उन्नाव। गंगा घाट कोतवाली इलाके के सन्नी सराय गांव में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के अंदर चार्जर लगाते समय 26 वर्षीय युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सन्नी सराय निवासी गंगासागर पुत्र गौरी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी गर्भवती है, ऐसे में परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। परिजनों के मुताबिक मंगलवार दोपहर गंगासागर कमरे में अकेला था और बोर्ड में मोबाइल का चार्जर लगा रहा था। तभी अचानक करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गया। उसने मदद के लिए मां को आवाज दी। चीख सुनकर मां कमला भागकर कमरे में पहुंची तो बेटा बरामदे में अचेत पड़ा था।घर वालों ने बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।मां कमला ने बताया कि गंगासागर पहले एक कंपनी में काम करता था। अचानक हुई इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है।

## लोन नदी का जलस्तर बढ़ने से कई संपर्क मार्ग बंद, दर्जनों गांवों में घुसा पानी

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जारी मूसलाधार बारिश के चलते लोन नदी विकराल रूप धारण कर चुकी है। नदी में पानी उफान पर आने से तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं, जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।नदी के किनारे बसे घरों में लोन नदी का पानी अब लोगों के घरों तक पहुंच चुका है। वहीं, गांवों को जोड़ने वाले प्रमुख संपर्क मार्गों पर जलभराव और सड़कों के ऊपर से तेज बहाव होने के कारण कई गांवों का तहसील मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

**ये प्रमुख मार्ग हुए पूरी तरह ठप:**

पाटन से पुरव सड़क पर जलभराव निराला मार्ग बेहटा भवानी से ससान अढौली से पाटन मार्ग पर पानी का तेज बहाव होने से रास्ते पर आवाजाही ठप। अढ़ौली और शुक्ला खेड़ा पुलः दोनों पुलों के ऊपर पानी आ जाने से खतरा बढ़ा, वाहनों की आवाजाही बंद।मार्गों के बंद होने और पुलों के जलमग्न होने से स्थानीय ग्रामीणों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## लेखपाल संघ के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न, सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के लेखपाल संघ के द्विवार्षिक चुनाव मंगलवार को तहसील परिसर स्थित रावराम बख्श सिंह सभागार में बेहद शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। सभी पदों पर केवल एक-एक नामांकन दाखिल होने के कारण समस्त पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव फलस्वरूप अध्यक्ष-मर्दन सिंह,मंत्री-अमर सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष- सोनू कुमार,कनिष्ठ उपाध्यक्ष- शशि पटेल,उपमंत्री-आयुष पटेल,लेखापरीक्षक-विशाल निर्मल,मीडिया प्रभारी- राकेश बाबू आदि को निर्विरोध चुना गया।चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। किसी भी पद के लिए एक से अधिक नामांकन पत्र न आने के कारण निर्वाचन अधिकारी मत्स्येन्द्र सिंह एवं पर्यवेक्षक बृजेन्द्र प्रताप सिंह की देखरेख में सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की गई।चुनाव परिणाम सामने आने के बाद तहसील परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। उपस्थित लेखपालों और अन्य गणमान्य लोगों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई दी तथा उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## गंगा एक्सप्रेसवे पर बारिश के चलते दो जगहों पर रोड धंसी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में दरोगा खेड़ा के पास गंगा एक्सप्रेस - वे पर मंगलवार भोर पहर किलोमीटर 423.6 पर रेस्ट एरिया को जाने वाली रोड की मुड़ी पर बारिश के चलते दो जगह रोड धस गई। पहला गड्ढा 5 मीटर गहरा और 3 मीटर लंबा जब कि दूसरा इससे छोटा था। जब सुबह पेट्रोलिंग के लिए गए कार्मचारियों की नजर इस पर पड़ी तो संस्था के उच्चधिकारियों को अवगत कराया उसी दौरान किसी ने यहा का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसकी भनक लगते ही कार्यदाई संस्था के लोगों ने मौके पर पहुंच दोनों जगह मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। जिसे 10:30 बजे तक कंप्लीट डालकर गड्ढे को बराबर कर दिया गया। घटना के बाद सड़क धंसने का सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो की पुष्टि आपका अपना अमन लेखनी अखबार नहीं करता है। गड्ढे के ऊपर सड़क के रंग से मिलती-जुलती शॉल डाल दी गई। ताकि दूर से गड्ढा स्पष्ट दिखाई न दे। हालांकि शॉल किसने और किस उद्देश्य से डाली सकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस मामले ने एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए है। गंगा एक्सप्रेस-वे उत्तर प्रदेश की प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में शामिल है। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे की लागत 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक आई है। यह मेरठ से प्रयागराज तक बनाया गया है। प्रदेश के कई जिलों से होकर गुजरता है। प्रधानमंत्री ने अप्रैल में हरदोई से इसका उद्घाटन किया था। पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट मैनेजर आर एस मिश्रा ने बताया कि असाधारण बारिश के चलते इस प्रकार की कुछ समस्याए आ रही हैं। जिसे तत्काल ठीक किया जा रहा है।

## भागवत कथा से पूर्व निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे के एक गेस्ट हाऊस में आयोजित श्री मद भागवत कथा शुभारंभ से पूर्व बबर अली खेड़ा निवासी चंद्रप्रकाश गुप्ता अपनी पत्नी निशा गुप्ता के साथ यजमान बनकर श्री मद भागवत कथा का श्रवण करेंगे। कथा का शुभारंभ 1 सितंबर से होकर 7 सितंबर को समापन होगी ब्रह्म भोज्य कार्यक्रम 8 सितंबर को होगा वृंदावन धाम के श्री नंद जी महाराज जी के मुखार बिंदु से कथा होगी उसी कार्यक्रम को लेकर कस्बे में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो कि मोटेश्वर मंदिर से होते हुए गुलाब बिल्डिंग से शंकरी माता मंदिर होते हुए पुनः मोटेश्वर मंदिर आई। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा व्यवस्थापक ओम प्रकाश गुप्ता किरन,प्रेम शंकर गुप्ता ,हरिओम गुप्ता ,प्रियंक गुप्ता ,पूर्व सभासद संजू गुप्ता,व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, कमलेश गुप्ता, मुन्ना सेठ, दीपक ओमर, वीरेंद्र अग्निहोत्री, हर्षित गुप्ता आदि लोग शामिल रहे।

## मोहम्मद साहब के जन्म दिवस में जश्न ए मोहम्मदी का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित जश्न ए मोहम्मद को संबोधित करते हुए मौलाना इफ्तिखार हुसैन ने कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर देखे अंतर आत्मा व समाज दोनों जगह संतुष्ट जीवन हो जाएगा।मौलाना के अलावा शायरों ने भी सलाम पढ़ कर अपने नबी के जश्न में योगदान दिया। कस्बे के मोहल्ला सय्यदवाडा स्थित मुन्नू मिया के अजाखाने में आयोजित जश्न में मौलाना ने उनके बताए रास्तों पर चर्चा करते हुए कहा कि ईमानदारी से व्यवसाय करे मुनाफा अवश्य ले पर अधिक रकम नही । इसके अलावा यतीम की मदद करना बहुत बड़ा सवाब की वजह बन सकता है यतीम को उसका हक दे उसकी मदद करे । उन्होंने कहा कि बिना जाति-धर्म देखे पड़ोसी की कुशलता ले उसके घर बना कि नही यह जानकारी करने के बाद ही खाना खाए । गरीब की बेटी की शादी , बीमार के इलाज में मदद में खुद को आगे रक्खे। मौलाना ने शिक्षा के महत्व पर भी रोशनी डाली उनका कहना था कि पढ़ा समाज बुराई व अच्छाई के मार्ग की परख सिखाता है अपने बच्चों को पढ़ा कर उन्हें आगे जाने में मदद करे। मोहम्मद साहब भाईचारे को बड़ी एहमियत देते थे अमन-चैन उनकी पहली फिक्र थी जिसे अपने जीवन पर भी लागू रक्खे । मौलाना के अलावा शायरों में फसाहत अस्करी, रियाज उद्दीन फारूकी, अयाज अली , वामिक, अली अब्बास, शोएब मोहम्मद, आफाक अली मन्नू ,दानिश जैदी, ने पढ़ा संचालन बिलाल रिजवी ने किया इस अवसर पर अंजुमन इमामिया के सचिव महमूद अहमद कुमैल ने आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले मौलाना इफ्तिखार हुसैन रिजवी, मुख्तार आलम वा जीशान का विशेष आभार प्रकट किया ।

## शिक्षिका प्रीति भारती को राज्य अध्यापक पुरस्कार नवाजा गया बीएसए ने दी बधाई

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। हसनगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नेवलगंज की शिक्षिका प्रीति भारती का चयन वर्ष 2025 के राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए हुआ है। उन्हें 5 सितंबर को लखनऊ में आयोजित समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री सम्मानित करेंगे। प्रीति भारती ने करीब 20 साल के कार्यकाल में तकनीक के साथ पढ़ाई को बच्चों के लिए आसान बनाया है। आईसीटी के क्षेत्र में बेहतर कार्य पर उन्हें आईआईटी गांधीनगर में कार्यशाला के लिए भेजा गया था। उनके बनाए वीडियो पीएम ई-विद्या चैनल पर प्रसारित होते हैं। दो बार उनका चयन राज्य स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता के लिए भी हो चुका है।

इसके अलावा उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और बालिका शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। इस साल जिले से उन्होंने अकेले आवेदन किया था और कड़े मानकों के बीच चयनित हुईं। बीएसए शैलेश पांडेय ने इसे जिले के लिए गौरव बताया और बधाई दी।

## जन्माष्टमी पर निकलेगी विशाल शोभा यात्रा, तैयारी पूरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर श्री कृष्ण शोभा यात्रा समिति ने पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। समिति ने बताया कि सोलह कलाओं से परिपूर्ण भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य दिवस पर परम्परागत शोभा यात्रा का आयोजन 3 सितंबर 2026, गुरुवार को दोपहर 11 बजे किया जाएगा। यात्रा आवास विकास स्थित पटेल पार्क से शुरू होकर ए.बी. नगर, उन्नाव शुक्लागंज टेम्पो स्टैंड के पास स्थित दिनेश्वर महादेव मंदिर पर समाप्त होगी। शोभा यात्रा में सबसे आगे लड्डू गोपाल की पालकी रहेगी, उसके पीछे 51 देवी-देवताओं की झांकियां बैंड-बाजे के साथ चलेंगी। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों के अनुसार यात्रा में करीब 1000 बाइक, 150 चार पहिया वाहन और लगभग 5000 पुरुष-महिला श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान मुख्य रूप से मुकेश यादव प्रबंधक खजान सिंह महाविद्यालय, रामबोध शुक्ला एडवोकेट, सुशील यादव, अनिल सिंह, धीरेन्द्र यादव, गगन गुप्ता, अमित, मनीष सेंगर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भारी बारिश के चलते सार्वजनिक स्थान हुए जलमग्न




अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय नगर पंचायत में स्थित सभी सार्वजनिक स्थल जलमग्न हैं। अस्पताल, मंदिर, एटीएम व बस्तियों के मुख्य मार्ग जलाशय बने हुए हैं। नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के कारण नगरवासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

बीते दो दिनों से लगातार व रुक-रुक कर हो रही बरसात ने नगर पंचायत पुरवा की सफाई व्यवस्था व ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। पश्चिम टोला स्थित मां आनंदेश्वरी देवी मंदिर परिसर व राजाबाजार को जाने वाला मार्ग जलाशय बना हुआ है। वहीं रोशनखेड़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा मुख्य मार्ग जलभराव की चपेट में है। बस स्टाप स्थित इंडिया वन एटीएम पानी में डूब रहा रहा। नगर पंचायत की तमाम बस्तियां जलमग्न हैं। नगरवासियों में इससे गहरा असंतोष व्याप्त है और वे लोग नगर पंचायत प्रशासन व जनप्रतिनिधि को कोस रहे हैं। आपको बता दें कि नगर पंचायत द्वारा समय रहते नालों की टेल तक सफाई न कराने का खामियाजा नगरवासी भुगत रहे हैं। बरसात के जल की समुचित निकासी व्यवस्था न होने के कारण पूरी नगर पंचायत डूबी हुई है।

## भैंस से टकराई तेज रफ्तार बाइक, दिल्ली से लौटे युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के मीरकापुर के पास सोमवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की जान चली गई। दिल्ली से घर लौटा युवक बाइक से जा रहा था, तभी अचानक सामने आई भैंस से बाइक टकरा गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथ बैठे उसके मामा घायल हो गए।जानकारी के मुताबिक मौरावां थाना क्षेत्र के बठुआ शाहपुर निवासी बग्गू रावत का छोटा बेटा रामकरन दिल्ली में मजदूरी करता था। वह सोमवार दोपहर ही घर लौटा था। शाम को वह मामा के साथ बाइक पर कालूखेड़ा जा रहा था। असोहा थाना क्षेत्र के मीरकापुर के पास अचानक सड़क पर भैंस आ गई। रफ्तार तेज होने से बाइक अनियंत्रित होकर भैंस से टकरा गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामकरन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामा को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची असोहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

## विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही: रिटायर हुए दो साल, फिर भी वेबसाइट और 1912 पोर्टल पर दिख रहा पूर्व ई ई का निजी नंबर

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की घोर लापरवाही का मामला सामने आया है। विभाग सेवानिवृत्त हो चुके एक अधिशासी अभियंता का व्यक्तिगत मोबाइल नंबर आज भी आधिकारिक वेबसाइट और 1912 उपभोक्ता शिकायत पोर्टल पर बतौर वर्तमान अधिकारी प्रदर्शित हो रहा है।

मामला विद्युत वितरण खण्ड, पुरवा, उन्नाव का है। यहाँ अगस्त 2022 तक अधिशासी अभियंता के पद पर तैनात रहे ज्ञानेन्द्र सिंह अक्टूबर 2024 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं। आरोप है कि सेवानिवृत्ति के लगभग 2 साल बाद भी उनका व्यक्तिगत मोबाइल नंबर यूपीपीसीएल एम्पलाई डायरेक्टरी तथा 1912 पोर्टल पर ई ई पुरवा के संपर्क नंबर के रूप में दर्ज है। ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि पोर्टल पर गलत नंबर होने से उपभोक्ता बिजली की शिकायतों और विभागीय कार्यों के लिए उनके निजी नंबर पर लगातार फोन कर रहे हैं। एक तरफ जहाँ सेवानिवृत्त अधिकारी को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को वर्तमान अधिकारी से संपर्क न होने के कारण अपनी शिकायत दर्ज कराने में दिक्कत हो रही है।

उन्होंने विभाग से मांग की है कि उनका व्यक्तिगत नंबर तत्काल सभी वेबसाइटों से हटाकर पुरवा खण्ड के वर्तमान अधिशासी अभियंता का आधिकारिक से सीयूजी नंबर जोड़ा जाए यह मामला विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। जब एक अधिकारी के ट्रांसफर या रिटायरमेंट के बाद भी 2 साल तक पोर्टल अपडेट नहीं होता, तो 1912 जैसी महत्वपूर्ण जन-सुनवाई सेवा की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है। उपभोक्ताओं ने भी मांग की है कि विभाग अपनी वेबसाइट और पोर्टल को नियमित रूप से अपडेट करे ताकि सही अधिकारी तक उनकी शिकायत पहुँच सके।

## सम्पादकीय

# पाक जासूसों की घरों में घुसपैठ रोकनी होगी

सीमा पार से जासूसी का चेहरा तेजी से बदल रहा है। कभी किसी विदेशी एजेंट को वर्षों तक तैयार किया जाता था, गुप्त मुलाकातों के जरिए सूचनाएं हासिल की जाती थीं और उन्हें सीमा पार पहुंचाने के जटिल रास्ते तलाशे जाते थे। अब इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों ने इस पूरी प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया है। विदेश में बैठा कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक से लगातार संपर्क कर सकता है, उसकी गतिविधियों को समझ सकता है और छोटी रकम या किसी दूसरे लालच के जरिए उसे अपने नेटवर्क में शामिल कर सकता है। अब यह खतरा घरों तक भी पहुंच गया है। दिल्ली में एक दंपति की गिरफ्तारी से पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क का जो खुलासा हुआ है, उसने इसी बदलते खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, दोनों वर्ष 2024 से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। उन पर आठ भारतीय सिम कार्ड दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने, संवेदनशील सूचनाएं जुटाने और दूसरे लोगों को जासूसी गतिविधियों से जोड़ने में मदद करने के आरोप हैं। इन नंबरों से वहां सामाजिक माध्यमों पर खाते सक्रिय किए गए और भारत में लोगों से संपर्क साधने की कोशिश हुई। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह दूरसंचार व्यवस्था की कमजोरियों पर भी सवाल खड़ा करेगा। किसी व्यक्ति की पहचान पर जारी मोबाइल नंबर का दूसरे देश में संदिग्ध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद संभावित छेद का संकेत है। हालांकि असली चुनौती उन लोगों तक पहुंचने की है जो सीमा पार बैठकर इस तरह के नेटवर्क को संचालित करते हैं। पैसा कौन भेज रहा था? संपर्क किसने स्थापित किया? भारतीय नागरिकों को किस तरह चुना गया? किन सूचनाओं की मांग की गई? इन सवालों के जवाब पूरे नेटवर्क की तस्वीर सामने ला सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को दूसरे लोगों की भर्ती का काम सौंपा गया था तो यह संकेत है कि नेटवर्क एक-दो लोगों तक सीमित नहीं हो सकता। इसलिए जांच को स्थानीय संपर्कों से आगे बढ़ाकर पूरे आर्थिक और डिजिटल तंत्र तक पहुंचना होगा। किसी दूसरे के लिए सिम लेना, कुछ रुपये के बदले जानकारी देना या सैन्य प्रतिष्ठान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी साझा करना देखने में छोटा काम लग सकता है, लेकिन यही छोटी कड़ियां बड़े जासूसी नेटवर्क को मजबूत करती हैं। इसलिए नागरिकों को भी समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है। सैन्य छावनियों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी जानकारी को लेकर विशेष सावधानी की जरूरत है। सोशल मीडिया पर अनजाने लोगों से होने वाले संपर्कों को सामान्य मानकर छोड़ देना भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए स्थानीय मददगारों को पकड़ना बेहद जरूरी है, लेकिन सीमा पार बैठे संचालकों तक पहुंचना उससे भी ज्यादा जरूरी है। देश की सीमाओं की रक्षा हथियारों से होती है, लेकिन उसकी आंतरिक सुरक्षा सतर्कता से मजबूत होती है। पाकिस्तान में बैठे कथित संचालक यदि भारतीय नागरिकों को माध्यम बनाकर देश के भीतर पहुंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं तो हर सिम, हर संदिग्ध संपर्क और हर आर्थिक लेन-देन की कड़ी को गंभीरता से लेना होगा। जासूसी का नेटवर्क जितना चुपचाप घरों तक पहुंचने की कोशिश करेगा, सुरक्षा व्यवस्था को उतनी ही तेजी से उसके रास्ते बंद करने होंगे। सीमा पर चौकसी के साथ अब घर की चौखट पर भी पहरा जरूरी है। घरों में पाकिस्तानी जासूसों की घुसपैठ रोकनी होगी, तभी पाक जासूसी के नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सकेगा।



आपदा
रोहित कौशिक

# नेपाल की बाढ़ से भारत को लेना चाहिए सबक

हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण से जुड़े इन सवालों पर यदि गंभीरता से चिंतन नहीं किया गया तो भविष्य में ऐसी आपदाओं के बढ़ने की उम्मीद है। इस आपदा में कई लोगों की जान चली गई जबकि अनेक लोग लापता हैं। बाढ़ से कई पुल बह गए और अनेक जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लेशियर के ढहने से भूकंपीय गतिविधि शुरू हुई और नेपाल-तिब्बत सीमा के पास पहाड़ी से चट्टानों के खिसकने के बाद बाढ़ आई। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम विकास के चक्कर में हिमालय के पारिस्थितिक तंत्र को समझने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। नेपाल में आई बाढ़ तो एक उदाहरण भर है। हमारे देश में भी बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन हम इन आपदाओं से कोई सबक नहीं लेते हैं। पहाड़ों में नदी, नालों और पानी के रास्ते के किनारे होने वाले निर्माण और अतिक्रमण को हम रोक नहीं पाए हैं। अभी भी धड़ल्ले से इस तरह के निर्माण और अतिक्रमण हो रहे हैं। जाहिर है कि जब इस तरह की आपदाएं आती हैं तो किनारे पर होने वाले अतिक्रमण और निर्माण की वजह से जान-माल की हानि ज्यादा होती है। हमारे देश में भी उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों में बादल फटने, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। निश्चित रूप से कई बार मौसम खराब होने के कारण भी ऐसी आपदाएं आती हैं लेकिन मौसम खराब होना ऐसी आपदाओं का एक कारण है। मानवीय गतिविधियां बढ़ने के कारण भी ऐसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। इस तरह की कई आपदाएं पहाड़ों पर जान और माल का नुकसान बढ़ा रही हैं। इसलिए इस दौर में इन आपदाओं के कारणों पर व्यापक रूप से चिंतन करना होगा। कई भूवैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ों पर हिमनदों के पिघलने की दर बढ़ रही है। बढ़ते तापमान और पहाड़ों के भीतर हो रहे कई तरह के बदलावों के कारण हिमनदों के टूटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय पहले संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के विभिन्न हिमनद जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। इस कारण वहां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा आ सकती है। कुछ समय पहले उत्तराखंड में हिमनद पिघलने की वजह से ऐसी कई प्राकृतिक आपदाओं ने भारी तबाही मचाई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम केदारनाथ आपदा से सबक नहीं ले पाए और पहाड़ों पर जल प्रलय के शास्त्र को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को हरी झंडी देते चले गए। यही कारण है कि हमें लगातार इस तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रारम्भ से ही पहाड़ों पर अत्यधिक जल विद्युत परियोजनाओं का विरोध होता रहा है। अनेक वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि पहाड़ों पर ये जल विद्युत परियोजनाएं भविष्य में और भी बड़ी तबाही मचा सकती हैं। हर क्षेत्र का अपना अलग पर्यावरण होता है। हम पहाड़ के पर्यावरण की तुलना मैदानी क्षेत्रों के पर्यावरण से नहीं कर सकते। यदि हम पहाड़ के पर्यावरण को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तो इस तरह की आपदाओं को ही निमंत्रण देंगे। यह विडम्बना ही है कि मानव हस्तक्षेप के चलते पहाड़ों पर इस तरह की आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। गौरतलब है कि पहाड़ों पर बनने वाले बांधों ने ग्लेशियरों को कमजोर किया है। ग्लेशियरों के मुहाने पर बनने वाले बांध पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तराखंड में ज्यादातर ग्लेशियरों पर बर्फबारी के कारण कई लाख टन बर्फ का भार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से ग्लेशियरों के खिसकने व टूटने का खतरा बना रहता है। हालांकि सर्दियों में ग्लेशियर टूटने की घटनाएं कम होती हैं। दरअसल विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए जिस तरह से जंगलों को नष्ट किया गया और पेड़ों की कटाई की गई, उसने स्थिति को और भयावह बना दिया। इस भयावह स्थिति के कारण मानसून तो प्रभावित हुआ ही, ग्लेशियरों का टूटना, भू-क्षरण एवं नदियों द्वारा कटाव किए जाने की प्रवृति भी बढ़ी। आज विकास का जो हवा महल बनाया जा रहा है.



आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी।

# आमजन के लिए मुश्किलें बढ़ाती महंगाई


इन दिनों महंगाई पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भारत में महंगाई बढ़ने से आम आदमी के जीवन की मुश्किलें बढ़ने संबंधी चिंताएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 27 अगस्त को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण ऊंची ऊर्जा कीमतों और अलनीनो से प्रभावित कमजोर मानसून की चुनौतियों की वजह से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत में खुदरा महंगाई (सीपीआई) के बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोरैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2026 में भारतीय बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मौसम की अनिश्चितता और फसल प्रभावित होने से चीनी के खुदरा भाव ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। सीमित आपूर्ति के कारण प्याज के दाम पिछले साल की तुलना में तेजी से बढ़े हैं। इसके अलावा सरसों तेल, रिफाइंड तेल और दालों के दाम भी ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं। त्योहारों के मौसम में मांग बढ़ने, चारे की लागत और परिवहन खर्च में वृद्धि के कारण दूध, मिठाइयों, पैकबंद खाद्य पदार्थों और पैक्ड चाय की कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। यह परिदृश्य स्पष्ट संकेत देता है कि कमजोर मानसून और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें आने वाले महीनों में आम नागरिक के बजट पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.45 प्रतिशत हो गई है, जो जून में 4.38 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य से ऊपर बना हुआ है। महंगाई में इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें हैं। निश्चित रूप से खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की थाली महंगी हो गई है। जीवन निर्वाह लागत बढ़ गई है। क्रिसिल की अगस्त 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2026 में घर पर बनने वाली शाकाहारी थाली की औसत लागत सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 29.1 रूपए हो गई। यह पिछले 7 महीनों का उच्चतम स्तर है। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत 9 प्रतिशत बढ़कर 58.3 रुपये पर पहुंच गई। थाली महंगी होने का मुख्य कारण प्याज, खाद्य तेल और रसोई गैस की दरों में वृद्धि है। इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल और कमजोर मानसून की चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0



प्रतिशत कर दिया है। जहां खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में कुछ वृद्धि के संकेत हैं, वहीं अन्य क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने के संकेत नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मानसून, अलनीनो और पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से खाने-पीने की वस्तुएं और ईंधन महंगे हो सकते हैं। निसंदेह अब ऊंची ऊर्जा लागत, अलनीनो और कमजोर मानसून के कारण महंगाई की चिंता बढ़ती जा रही है। इससे कृषि पर मंडराता खतरा भी दिखाई दे रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक जून-सितंबर के बीच देश में सामान्य वर्षा के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई है। इस स्थिति के पीछे अल-नीनो प्रभाव को मुख्य कारण माना जा रहा है, जिसने मानसून की गति को धीमा कर दिया है। शुरुआत में कम बारिश और मिट्टी में नमी की कमी के कारण इस वर्ष खरीफ फसलों की बुआई का कुल रकबा प्रभावित हुआ है। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं, वहां फसलों के सूखने का जोखिम काफी बढ़ गया है। बारिश की लगातार कमी से मिट्टी में नमी का स्तर घट रहा है। इससे न केवल कुल खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है, बल्कि किसानों की आय प्रभावित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल दबाव पड़ सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जुलाई की शुरुआत से लेकर अब तक महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के कारण आर्थिक दबाव से आम जनता को राहत देने और बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यावहारिक रणनीतियां अपनाई हैं। खाद्य पदार्थों और ईंधन के दामों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं के राष्ट्रीय बफर स्टॉक का उपयोग किया जा रहा है। खुले बाजार में कृषि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर कीमतों को थामने का सीधा प्रयास किया जा रहा है। महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारियों के लिए औद्योगिक महंगाई भत्ते की संशोधित दरों की घोषणा की गई है। वित्तीय बाजार में नकदी के संतुलन को बनाए रखने और अत्यधिक मांग से मूल्य वृद्धि रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक समीक्षा के तहत नकदी प्रवाह पर सख्त नियंत्रण रखा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और फसलों की बुआई की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि आने वाले समय में खाद्यान्न की कमी न हो और कीमतों में उछाल को रोका जा सके। वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों से ईंधन और आयातित वस्तुओं पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए व्यापारिक रणनीतियों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। संभावित मुद्रास्फीति के दबाव को देखते हुए आवश्यक उपभोग योग्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का खाका तैयार किया गया है। वहीं, सरकार आगामी महीनों में अलनीनो तथा कमजोर मानसून की चुनौतियों से निपटने के लिए भी सावधानी और सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। सरकारी गोदामों से गेहूं, चावल और दालों को उपयुक्त रूप से खुले बाजार में जारी किया जाना होगा, ताकि त्योहारी सीजन में आपूर्ति बनी रहे। प्याज, टमाटर और आलू की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नाफेड जैसे सरकारी संगठनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर सीधी बिक्री बढ़ाई जानी होगी। आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने के लिए व्यापारियों के स्टॉक सीमाओं की सख्त निगरानी आवश्यक होगी। खाद्य तेलों और दालों की उपलब्धता सुधारने हेतु आयात शुल्क में अस्थायी कटौती की जानी होगी।

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
**दर्शन**

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## बिन बुलाए किसी के घर न जाए



संकलित
**प्रेरणा**

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

## हाथियों का स्वागत



मैसूर में शुक्रवार को सालाना दशहरा उत्सव से पहले नौ दशहरा हाथियों के पहले बैच का मैसूर पैलेस में परंपरिक स्वागत किया गया।

## आज की पाती

### बच्चों की सेहत से बड़ा कोई पाठ नहीं

राजस्थान हाई कोर्ट का स्कूलों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला केवल एक व्यायिक आदेश नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल कैंटीन तथा स्कूल गेट के 50 मीटर के दायरे में ज्यादा वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक और उसके पालन के लिए नियमित औचक निरीक्षण की व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है। आज जब बच्चों की जीवनशैली तेजी से बदल रही है, ऐसे समय में स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र मानना पर्याप्त नहीं है। स्कूल वह स्थान है जहां बच्चे पढ़ना ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की आदतें भी सीखते हैं। इसलिए उन्हें पौष्टिक भोजन और सक्रिय जीवनशैली का वातावरण देना चाहिए।

- सुभाष वर्मा, अंबिकापुर

## ट्रेंड

### रिसर्च पर ध्यान



आज भारत वेंटिलेटर बना रहा है और 2028 से पहले बैंडेज से लेकर एमआरआई मशीन तक सब कुछ बनाने की तैयारी में है। फार्मा सेक्टर का रिसर्च पर ध्यान इस कोशिश को और गति देगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### संचार साथी



'संचार साथी' ने खोए हुए फोन के मामले में बाजी पलट दी है...सच में यह एक गेम-चेंजर है! पूरे देश में सिर्फ एक महीने में 75,000 से ज्यादा हैंडसेट बरामद किए गए है...यह कामयाबी स्मार्ट टेक्नोलॉजी और टेलीकॉम ऑपरेटर्स और देशभर के पुलिस विभागों के बीच बेहतरीन तालमेल से मिली है।

-ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### बदलाव की वजह



पेंगुइन वर्ल्डवाइड, सोनिया गांधी की आने वाली किताब को दुनिया भर मे उसके मूल रूप में प्रकाशित करने के लिए तैयार है, लेकिन पेंगुइन इसे भारत में लॉन्च करने के लिए इसमें बदलाव चाहता है। क्या वजह है जो उसे भारत में प्रकाशित नहीं कर सकते?

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

### पुनर्निर्माण कार्यों में मदद



नेपाल में तबाही के दृश्य भयानक और दिल दहला देने वाले है। मैं खोज और बचाव कार्यों में नेपाल की स्थानीय क्षमताओं के इस्तेमाल की सराहना करता हूं। इस मुश्किल समय में राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों में मदद के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

- आनंद महिंद्रा, उद्यमी

## करंट अफेयर

# नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन, बेटे ने संभाली गद्दी



नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन हो गया है। वह 89 वर्ष के थे। राजमहल ने शुक्रवार सुबह इसकी सूचना दी। नाजी कब्जे के दौरान बचपन का कुछ समय निर्वासन में अमेरिका में बिताने वाले हेराल्ड ने उस महिला से शादी करने के लिए यूरोप की कई कुलीन महिलाओं के विवाह प्रस्ताव ठुकरा दिए थे जिससे वह स्कूल के समय से प्रेम करते थे। हेराल्ड यूरोप के सबसे उम्रदराज सम्राट थे। लोकप्रिय महाराजा के रूप में उन्होंने राजशाही को आधुनिक रूप दिया, लेकिन हाल के वर्षों में पद छोड़ने वाले अन्य उम्रदराज राजाओं की तरह उन्होंने गद्दी छोड़ने से इनकार कर दिया था।

## ऑफ बीट

# वसीयत, पासवर्ड और जरूरी संवाद: अभी करें तैयारी



हममें से ज्यादातर लोग अपनी मौत के बारे में सोचना पसंद नहीं करते। लेकिन ऐसा करने की एक व्यावहारिक वजह है: जब व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसके पीछे छूटी चीजों को समेटने और उनका निपटारा करने की जिम्मेदारी किसी और को उठानी पड़ती है। उन्हें अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी पड़ सकती है, वसीयत तलाशनी पड़ सकती है, बैंकों और पेंशन कोषों से संपर्क करना पड़ सकता है, घर से जुड़े मामले निपटाने पड़ सकते हैं, बिल चुकाने पड़ सकते हैं, बिजली-पानी जैसी सेवाओं और डिजिटल खातों को बंद करना पड़ सकता है और आखिर में छोड़ी गई संपत्ति का बंटवारा करना पड़ सकता है। और यह सब वे आपके जाने के दुख के बीच कर रहे होंगे।

## संक्षेप

### डूबे हुए युवक का शव 24 घंटे में एनडीआरएफ ने किया बरामद

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर क्षेत्र अंतर्गत सोहनी बलई गांव निवासी रवि पुत्र पृथ्वी शमशेर नाले में नहाते वक्त डूब गया था, 24 घंटे के अंदर उसके शव को एनडीआरएफ की टीम ने खोज निकाला है।तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में नेपाल से आकर भारतीय सीमा में बहने वाले नाले में सोमवार की दोपहर को गांव के दो अन्य बच्चों के साथ नहाने गये एक युवक की गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब गया साथियों की सूचना पर पंहुचे स्थानीय ग्रामीणों ने गोताखोरों शव के ढूँढने के प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर पहुंची मोतीपुर पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को बुलाया टीम ने कड़ी मशक्कत कर खोजबीन की फल स्वरुप युवक का शव दोपहर में एनडीआरएफ की टीम ने बरामद कर लिया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गोंड ने बताया कि नाले में डूबे हुए युवक का शव एनडीआरएफ की टीम ने बरामद किया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रदेश में स्वाइन फ्लू बढ़ा, अमेठी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

#### जिला अस्पताल में 10 और सीएचसी पर 5-5 बेड आरक्षित

अमेठी ,स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अमेठी का स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। जिले के सभी अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल में स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए 10 बेड आरक्षित किए गए हैं, जबकि प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में 5-5 बेड की व्यवस्था की गई है। राहत की बात यह है कि जिले में अभी तक स्वाइन फ्लू का एक भी मरीज नहीं मिला है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को चालू हालत में रखा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि स्वाइन फ्लू से निपटने के लिए जिले में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं। जिले में कुल 6 ऑक्सीजन प्लांट भी सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। सीएमओ डॉ. सिंह ने जानकारी दी कि स्वाइन फ्लू तीन चरणों में होता है और स्वास्थ्य विभाग सभी चरणों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इन्हौना पुलिस ने स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

#### अभियुक्त गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

अमेठी। इन्हौना पुलिस ने 29 अगस्त 2026 कोएक अभियुक्त को 20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना पर की गई, जिसके बाद एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है। पुलिस अधीक्षक श्री सरवणन टी. के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के तहत यह कार्रवाई हुई।

# रुपईडीहा-नेपालगंज रोड से नियमित रेल सेवा शुरू

## बहराइच तक महज 15 रुपये किराया, यात्रियों में दिखा उत्साह

**पहले दिन 201 यात्रियों ने किया सफर**

**स्थानीय लोगों ने लोको पायलटों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत**

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रुपईडीहा के नेपालगंज रोड रेलवे स्टेशन से मंगलवार, 1 सितंबर को नियमित रेल सेवा का संचालन शुरू हो गया। सुबह 8:20 बजे गोंडा के लिए ट्रेन रवाना हुई। पहले दिन 87 टिकटों पर कुल 201 यात्रियों ने नानपारा और बहराइच होते हुए गोंडा तक यात्रा की। नियमित रेल सेवा शुरू होने से यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। बहराइच तक महज 15 रुपये किराया होने पर यात्रियों ने खुशी जताई। यात्रियों ने कहा कि भारत सरकार की ओर से शुरू की गई इस रेल सेवा से कम किराए में सुविधाजनक और समयबद्ध यात्रा का लाभ मिलेगा। ट्रेन के रवाना होने के दौरान यात्रियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के उद्घोष भी किए। ट्रेन का संचालन मुख्य लोको पायलट राजीव पांडेय, लोको पायलट शशि कुमार श्रीवास्तव तथा सहायक लोको पायलट वंदना कुमारी ने किया। लोको पायलटों ने बताया कि नियमित सेवा के पहले दिन यात्रियों में काफी उत्साह नजर आया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एवं वर्तमान नामित सभासद रतन कुमार अग्रवाल ने समाजसेवा के तहत ट्रेन, लोको पायलटों और यात्रियों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने नियमित रेल सेवा शुरू होने पर यात्रियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, जिला संरक्षक केसरी प्रसाद सोनी उर्फ गज्जू भैया, नगर सचिव राजीव अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, पत्रकार संजय, रामजी सोनी सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# एक नजर इधर भी: हल्की बारिश में जलमग्न हो जाता है सहाबा गांव

**कीचड़ से ग्रामीण परेशान**

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। ग्राम पंचायत दौलतपुर के अंतर्गत आने वाले सहाबा गांव में जल निकासी और सड़क की बदहाल व्यवस्था के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हल्की बारिश होते ही गांव की गलियां और मुख्य सड़क कीचड़ व पानी से भर जाती हैं, जिससे लोगों का आवागमन दूभर हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार गांव की नालियों की नियमित सफाई नहीं होने के कारण जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है और जगह-जगह कीचड़ फैल जाता है। कई स्थानों पर स्थिति ऐसी हो जाती है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की स्थिति भी खराब है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और कीचड़ होने के कारण राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों को विशेष परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी बहराइच से हस्तक्षेप की मांग करते हुए गांव में नियमित रूप से सफाई कर्मी की तैनाती, नालियों की साफ-सफाई एवं जल निकासी की उचित व्यवस्था कराने की मांग की है। साथ ही खराब सड़क का निरीक्षण कराकर उसका पुनर्निर्माण कराने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई और सड़क की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बरसात का मौसम है स्थिति और गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मौके का निरीक्षण कराकर समस्या का स्थायी समाधान कराने की गुहार लगाई है।

# बरामदे में सो रहे युवक को उठा ले गया वन्य जीव, बनाया निवाला

**कतर्नियाघाट के रेंज ककरहा के महबूबनगर गांव की घटना**

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। सोमवार देर रात घर के बरामदे में सो रहे एक युवक को वन्य जीव दबोच ले गया और झाड़ियों में रख उसे निवाला बना लिया घर के परिजनों की जब नींद खुली तो युवक चारपाई से गायब था आसपास तलाश की तो देखा झाड़ियां में युवक का क्षत विक्षत शव दिखाई दिया ।शव देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण जहां इस घटना को बाघ द्वारा घटित करने की बात कह रहे हैं वहीं वन विभाग तेंदुए के द्वारा हमले की बात कह रहा है ।कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के रेंज ककरहा अंतर्गत महबूबनगर गांव में घर के बरामदे में सो रहे राम सिंह पुत्र मालती प्रसाद उम्र 32 वर्ष को रात में वन्य जीव उठाकर ले गया और पास में ही स्थित झाड़ी में रखकर युवक का निवाला बना डाला जिससे युवक की मौत हो गई। वन्य जीव ने युवक के दोनों पैर और पेट को खा लिया है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना मोतीपुर पुलिस तथा वन विभाग को दी ।सूचना पाकर पुलिस तो मौके पर पहुंच गई लेकिन वन विभाग की टीम काफी देर में पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करें अन्यथा प्रदर्शन कर विरोध जताया जाएगा ग्रामीणों ने बाघ पकड़ने की मांग की है ।प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि तेंदुए के हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर वन विभाग की टीम को भेजा गया है पीड़ित परिवार को दस हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि दी गई है आगे कार्रवाई की जा रही है। पिंजरा लगाकर तेंदुआ को पकड़ा जाएगा ।उन्होंने बताया कि लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है क्षेत्र में गस्त बढ़ा दी गई है।

# महिला चौपाल में महिलाओं से संवाद, योजनाओं का लाभ दिलाने के दिये निर्देश

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग चारू चौधरी ने जनपद के एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत खलीलपुर बैरिया, विकास खण्ड चित्तौरा में आयोजित महिला चौपाल में उपाध्यक्ष द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा शासन द्वारा संचालित महिला एवं बालिका कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उपाध्यक्ष ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र महिला एवं बालिका को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र महिला शासन की योजनाओं से वंचित न रहने पाए। महिला चौपाल के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान का प्रयास किया गया। इस दौरान महिलाओं को आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं से योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गई। उपाध्यक्ष ने पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए पंचायत सहायक को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत की पात्र महिलाओं एवं लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उन्हें संबंधित योजनाओं से लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि पात्रता रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसके उपरान्त मा. उपाध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने वन स्टाफ सेन्टर का निरीक्षण कर साफ-सफाई व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# कैसरगंज में वायरल फीवर का बढ़ा प्रकोप, अस्पताल में मरीजों की भरमार

**सीएचसी में मंगलवार को 800 मरीज पहुंचे, करीब 600 वायरल फीवर से पीड़ित**

**अधीक्षक ने कहा: बचाव ही सबसे बेहतर उपाय**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। बदलते मौसम के बीच कैसरगंज क्षेत्र में वायरल फीवर का प्रकोप बढ़ता नजर आ रहा है। मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी। अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचे, जिससे ओपीडी में काफी चहल-पहल रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉ. बी.डी. वर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या बढ़ी है। मंगलवार को अस्पताल में करीब 800 मरीजों की संख्या दर्ज की गई, जिनमें लगभग 600 मरीज वायरल फीवर से पीड़ित पाए गए। अधीक्षक ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि वायरल फीवर से बचाव के लिए ठंडी चीजों के सेवन से परहेज करें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें तथा वायरल फीवर से ग्रसित मरीज से उचित दूरी बनाए रखें। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं और मरीजों का बेहतर तरीके से उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीजों को आवश्यक जांच, दवा और चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। डॉ. बी.डी. वर्मा ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि बुखार, सर्दी, खांसी अथवा शरीर में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न बरतें और चिकित्सक से परामर्श लेकर समय से इलाज कराएं।

# नर्सिंग छात्रा की हॉस्टल में संदिग्ध मौत

**कॉलेज ने बताया- फांसी लगाकर आत्महत्या की; परिजनों ने प्रिंसिपल-वार्डन पर लगाया हत्या का आरोप, मुकदमा दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी , मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा दीप्ति यादव की दोपहर छात्रावास में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कॉलेज स्टाफ की ओर से दीप्ति की मौत को फांसी लगाकर आत्महत्या बताया गया। दीप्ति यादव सुल्तानपुर जिले के सादुल्लापुर बल्दीराय की रहने वाली थी। वह इंदिरा गांधी स्कूल एंड नर्सिंग कॉलेज में जीएनएम तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। शाम को परिजन कॉलेज पहुंचे तो उन्होंने स्टाफ से घटना की जानकारी ली। स्टाफ ने बताया कि दीप्ति ने कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। इसके बाद दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला गया। दरवाजे की कुंडी टूटी नहीं मिली तो परिजनों ने जताया संदेहपरिजनों का आरोप है कि जब वे मौके पर पहुंचे तो कमरे के किसी भी दरवाजे की कुंडी टूटी हुई नहीं थी। इसी बात को लेकर उन्होंने कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश यस और छात्रावास की वार्डन नेहा शुक्ला पर हत्या का संदेह जताया। परिजनों का यह भी आरोप है कि उनके कॉलेज पहुंचने से पहले ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। इसके बाद मृतका की मां सुनीता ने मुंशीगंज कोतवाली में प्रिंसिपल और वार्डन के खिलाफ तहरीर दी। परिजनों की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रिंसिपल और वार्डन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# एक्टर चंद्रचूड़ की हवेली कब्जाई, चाची समेत 7 पर एफआईआर

## भाई बोले- फर्जी वसीयत बनवाकर प्रॉपर्टी हड़पी, अब पुलिस डील करेगी

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ ,एक्टर चंद्रचूड़ सिंह की हवेली कब्जाने में उनकी चाची समेत 7 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। चंद्रचूड़ के भाई अभिमन्यु सिंह ने इस मामले में रोरावर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने करोड़ों की जमीन और पुरानी हवेली के फर्जी वसीयत तैयार कराने के बाद प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया। अभिमन्यु सिंह ने पुलिस को बताया- हमारी जमीनें जलालपुर के आसपास कई गांवों में हैं। पुश्तैनी हवेली भी है, जिस पर चाची गायत्री देवी सिंह ने लोगों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया है। इस मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा पहसे से था, जिस पर अब क्रिमिनल एक्शन लिया है। अब आगे पुलिस ही डील करेगी।

### जलालपुर एस्टेट परिवार से आते हैं अभिनेता चंद्रचूड़ सिंह

चंद्रचूड़ सिंह 'माचिस, जोश, क्या कहना' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनका परिवार अलीगढ़ के पुराने जमींदार परिवारों में गिना जाता है। उनके पिता कैप्टन बलदेव सिंह भारतीय सेना में अधिकारी रहे। वह 1985 में सदर विधानसभा सीट से विधायक बने थे। परिवार की जमीनें जलालपुर और आसपास के कई गांवों में फैली हैं। जमीनों पर छोटे-बड़े विवाद पहले भी होते रहे, लेकिन यह पहली बार मामला खुलकर सामने आया है।

### चाचा के निधन के बाद बढ़ा विवाद

चंद्रचूड़ के चाचा गंगा सिंह लंबे समय से स्वीडन में रहते थे। भाई की मौत के बाद गंगा सिंह जलालपुर हवेली में आकर रहने लगे। अक्टूबर-2025 में गंगा सिंह का निधन हो गया। उसके बाद से ही पुश्तैनी संपत्ति, हवेली और ट्रस्ट से जुड़ी जमीनों पर कब्जे और दावेदारी को लेकर परिवार में तनातनी बढ़ गई।

### दादा की मौत से एक दिन पहले बनी फर्जी वसीयत

हमारे दादाजी अलीगढ़ के बहुत बड़े जमींदार थे। साल- 1997 में उनका निधन हुआ था। उनके निधन से ठीक एक दिन पहले एक फर्जी वसीयत तैयार कर ली गई थी। इस बड़े षड्यंत्र में परिवार के कुछ सदस्यों के साथ बाहरी लोग भी शामिल हैं। इस फर्जी वसीयत के जरिए सारी की सारी बेशकीमती जमीनें एक ही परिवार और दो लोगों के नाम ट्रांसफर कर दी गईं।

# संजय सिंह आचार संहिता मामले की सुनवाई टली

## अब 7 सितंबर को दर्ज होगा बयान, जज अनुपस्थित थे

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर ,एमपी-एमएलए कोर्ट में आम आदमी पाटी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के मामले की सुनवाई स्थगित हो गई। सुनवाई दोपहर 3 बजे होनी थी, लेकिन जज के अनुपस्थित रहने के कारण कार्यवाही नहीं हो सकी। अब मामले में अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी। इस दौरान आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 313 के तहत संजय सिंह का बयान दर्ज किया जाना है।

### पंचायत चुनाव के दौरान सभा करने का आरोप

अधिवक्ता मदन प्रताप सिंह ने बताया कि संजय सिंह के खिलाफ सुल्तानपुर के बंधुआ कलां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मामला 13 अप्रैल 2021 को हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन से जुड़ा है। आरोप है कि बंधुआ कलां थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम के समर्थन में बिना अनुमति सभा आयोजित की गई थी। पुलिस ने मामले में संजय सिंह समेत 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव समेत कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया। पुलिस ने मामले में न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र दाखिल कर दिया था।

### ट्रायल अंतिम चरण में, बयान होना बाकी

अधिवक्ता के मुताबिक, मुकदमे की विचारण प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अब ट्रायल अंतिम चरण में है। की धारा 313 के तहत आरोपियों के बयान दर्ज किए जाने हैं।

# यूपी में एसडीएम की बेटी को एक्सपायर इंजेक्शन लगाया

**सीएमओ ने दो फार्मासिस्ट सस्पेंड किए, दवा का गोदाम भी सील कराया**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ,सीएमओ की बेटी को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने का मामला सामने आया था। दो फार्मासिस्ट को उसी दिन शाम तक सस्पेंड कर दिया गया। सुबह सीएमओ के निर्देश पर दवा का गोदाम सील करने की कार्रवाई भी की गई। लालगंज एसडीम वाचस्पति सिंह की 8 साल की बेटी को तेज बुखार था। दोपहर 3 बजे उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। यहां फार्मासिस्ट ने ग्लूकोज में पैरासिटामोल इंजेक्शन डालकर बच्ची को लगा दिया। नौकर ने इंजेक्शन की एक्सपायरी डेट देखते ही एसडीएम को बताया था। एसडीएम ने डॉक्टर समेत अस्पताल के कर्मचारियों को भी फटकार लगाते हुए मामले की शिकायत से की थी। मामला जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर लालगंज क्षेत्र का का है। लालगंज एसडीएम वाचस्पति सिंह की 8 साल की बेटी श्रेयसी सिंह को दोपहर 3 बजे करीब तेज बुखार हो गया। रऊट ने आरोप लगाते हुए कहा था कि फार्मासिस्ट अरविंद कुमार शुक्ला ने स्टोर से एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन निकालकर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे को दिया। देव ने बिना एक्सपायरी डेट की जांच किए यह इंजेक्शन बच्ची को लगा दिया। मेरे कर्मचारी ने एक्सपायरी पैरासिटामोल इंजेक्शन और ग्लूकोज को देखा। इसके बाद उसने तुरंत फार्मासिस्ट से इस बारे में पूछा। इस पर फार्मासिस्ट देव कुमार दुबे ने साफ जवाब नहीं दिया। एसडीएम ने स्टोर प्रभारी अरविंद कुमार शुक्ला पर अपने पद पर लापरवाही बरतने और स्टोर से एक्सपायरी इंजेक्शन जारी करने का आरोप लगाया।

# स्कूल में शिक्षिका से मारपीट, सीसीटीवी फुटेज

## बच्चों के सामने हुई थी घटना, छात्र को खरगोश मारने के आरोप में डांटा था

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ ,देल्हूपुर थाना क्षेत्र नौबस्ता के पास पार्वती ग्लोबल साइंस स्कूल में एक शिक्षिका के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना बच्चों के सामने हुई और इसका सीसीटीवी फुटेज भी जारी हुआ है। पुलिस ने देर रात मुकदमा दर्ज कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, मान्धाता थाना क्षेत्र के बबुरहा गांव निवासी संजय मिश्रा की 20 वर्षीय बेटी पलक मिश्रा पार्वती ग्लोबल साइंस स्कूल में शिक्षिका हैं। आरोप है कि लगभग एक सप्ताह पहले पलक मिश्रा ने एक छात्र त्रिविक मिश्रा को खरगोश मारने के मामले में डांटा था। इसी बात को लेकर छात्र के परिजन शिक्षिका से कथित तौर पर नाराज थे। शिक्षिका के पिता संजय मिश्रा की तहरीर के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 10:32 बजे हुई। प्रार्थना सभा के बाद पहली कक्षा चल रही थी, तभी सौम्या मिश्रा और अभिषेक मिश्रा स्कूल के अंदर घुस आए। उन्होंने कक्षा में पढ़ा रहीं पलक मिश्रा के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने शिक्षिका के बाल खींचे, उन्हें जमीन पर गिराया और लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के समय अन्य शिक्षिकाएं भी अपनी कक्षाओं में पढ़ा रही थीं। मारपीट की यह पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## संक्षेप

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मारी

#### बागपत के टटीरी में युवक गंभीर घायल

बागपत ,टटीरी कस्बे में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा कस्बा टटीरी स्थित समाधि गेट के पास हुआ। बुढेड़ा गांव निवासी प्रयंक अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। समाधि गेट के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रयंक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को संभाला और घटना की सूचना दी। राहगीरों की मदद से प्रयंक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही प्रयंक के परिजन अस्पताल पहुंच गए और घायल का हाल जाना। घटना स्थल पर भी लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण बाइक सवार युवक उसकी चपेट में आ गया। स्थानीय लोगों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि टटीरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने पुलिस और यातायात विभाग से तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की है। घायल प्रयंक का निजी अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने हादसे की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

#### बागपत में साथी गंभीर; चालक वाहन छोड़कर फरार

बागपत , शनिवार सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में टयौढ़ी गांव निवासी 38 वर्षीय विशाल शर्मा उर्फ गुड्डू की मौत हो गई, जबकि उनके साथी बाबू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। मामला बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे का है। हाईवे पर कंटेनर ने बाइक को मारी टक्करविशाल शर्मा अपने साथी बाबू के साथ बाइक से दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से गुजर रहे थे। बडोली गांव के पास पहुंचते ही तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित किया हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बागपत जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने विशाल शर्मा उर्फ गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल बाबू को प्राथमिक उपचार के बाद मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कंटेनर छोड़कर चालक फरार हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस फरार चालक की तलाश के साथ हादसे के कारणों की जांच कर रही है। हादसे के बाद टयौढ़ी गांव में भी शोक का माहौल है।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बिना मान्यता चलाएं जा रहे 16 विद्यालयों को दी नोटिस

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद में बिना मान्यता अवैध रूप से फल फूल रहे शिक्षा विभाग के कारोबार पर रोकथाम हेतु जनपद की बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य ने एक सराहनीय कदम उठाए जगह-जगह बिना मान्यता के वर्षों से संचालित किये जा रहे शिक्षण संस्थानों की जांच करते हुए उन पर कार्यवाही करने की मुहिम जनपद की शिक्षा विभाग की मुखिया ने छेड़ी मुहिम के चलते कल जांच करते हुए जनपद के 16 विद्यालयों को नोटिस दी गई बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के बड़ा गांव मछरिया मेंसंचालित स्वर्गीय बैजनाथ शिक्षण संस्थान होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल मोहम्मदपुर एसजीएम पब्लिक स्कूल सुल्तानपुर लिल्स बगिया प्रीस्कूल लोधी नगर सिविल लाइंस आरबी एजुकेशन सेंटर खजुहा समेत सिजौली पूरेदान मांझेपुर शहबाजपुर सहिली असोथर आदि के अवैध विद्यालयों के लिए दिशा निर्देश देते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा ऐसे विद्यालयों को तत्काल बंद कराया जाए तथा संचालन करने वाली समिति या संचालक के ऊपर वैधानिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराया जाए

### शिक्षा के नाम पर खिलवाड़ वर्षों से कर रहे संचालक

जनपद के खागा मलवां बिंदकी ललौली बकेवर अमौली तथा जहानाबाद क्षेत्र में भी भारी संख्या में बिना मान्यता के अवैध विद्यालय वर्षों से संचालित हैं बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा जल्द ही बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर छापेमारी करते हुए जनपद से शिक्षा माफियाओं का खात्मा किया जाएगा

# पंखे में आये बिजली के करंट ने युवक की छीनी जिंदगी

### अचानक हुए हादसे से परिवार में मची चीख पुकार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव खरखर मीनातारा निवासी 38 वर्षीय युवक वेद प्रकाश की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक सोमवार देर रात भोजन के पश्चात सोने गया सोने से पहले युवक पंखे को ऑन करने पहुंच गया जहां पंखे में पहले से ही बरसात के चलते विद्युत करंट प्रवाहित हो रहा था पंखे को छूते ही युवक वेद प्रकाश करंट की चपेट में आ गया वहीं कुछ समय पश्चात जमीन पर गिर पड़ा आनन-फानन परिजनों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया यह खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया



वहीं युवक की पत्नी तुलसी हाल-बेहाल हो उठी परिजनों ने बताया कि युवक अपने तीन छोटे-छोटे बच्चों तथा पत्नी के साथ जीवन यापन करता था जहां अचानक हुई घटना से पूरा गांव गमगीन हो उठा जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी मनीष सिंह मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# काशीराम कॉलोनी के नागरिक गरीबे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### मानसिक तनाव के चलते घटना को दिया अंजाम परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुरे जनपद के बिंदकी कोतवाली कस्बे के पुरानी बिंदकी के समीप स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार काशीराम कॉलोनी में गरीबे नाम का एक व्यक्ति रहता था जो मानसिक तनाव के कारण अधिकतर गुमसुम दिखा करता था विगत दिवस सोमवार को काशीराम कॉलोनी में ऊपर चढ़ गया जहां तीसरी मंजिल में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या करना चाहा परंतु दैवीय गति से फांसी लगाने वाली रस्सी टूट गई और गरीबे ऊपर से सीधे नीचे जा गिरा जहां वह गंभीर रूप से घायल हो गया मौजूदा लोगों ने घायल को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां प्राथमिक उपचार करने के पश्चात चिकित्सकों ने फतेहपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहीं मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक देखभाल करने के पश्चात घायल गरीबे की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर किया कानपुर नगर के हैलट अस्पताल में इलाज के चलते देर रात घायल की मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो वह मौके पर पहुंचे और मृतक का शव निज निवास काशीराम कॉलोनी बिंदकी लाया गया वहीं परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था यह जानकारी देते हुए परिजनों ने कोई कार्यवाही नहीं की तथा अंतिम संस्कार कर दिया

# अमर शहीद सूबेदार अर्जुन सिंह कुशवाहा का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

### हृदय गति रुक जाने से पंचतत्व में विलीन हुआ मां भारती का लाल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर , जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव सरकंडी निवासी 45 वर्षीय भारतीय थल सेना में सेवा प्रदान कर रहे सूबेदार अर्जुन सिंह कुशवाहा विगत दो दिन पहले अचानक हृदय गति रुक जाने से शहीद हो गए यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच गया वहीं सेना की जवानों की टोली अमर शहीद का पार्थिव शरीर लेकर कल पैतृक गांव सरकंडी पहुंचा गांव समेत क्षेत्र तथा जनपद में शोक की लहर दौड़ गई जवान के अंतिम संस्कार में अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी थल सेना के जवानों ने पार्थिव शरीर में पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी वही जनपद के समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर दयाल दयालू गुप्ता समेत अन्य जन प्रतिनिधि भी अंतिम दर्शन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि देने पहुंचे अंतिम यात्रा बिंदकी कस्बे के आर्य समाज दाह संस्कार स्थल पहुंची जहां भारी संख्या में मौजूद लोगों ने भारत माता की जय सूबेदार अर्जुन सिंह कुशवाहा अमर रहे आदि के जयकारे लगाते हुए समूचे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया सेना के जवानों ने पार्थिव शरीर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम सलामी थी वहीं अंतिम संस्कार में जनप्रतिनिधियों के साथ नायब तहसीलदार बिंदकी अमरेश सिंह समेत अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे



# सलावा गंगनहर में किया जल सत्याग्रह

### यूजीसी एक्ट रोल बैक की मांग को लेकर गंगनहर में उतरे सैकड़ों कार्यकर्ता

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , यूजीसी एक्ट रोलबैक की मांग को लेकर भाकियू क्रांतिकारी के तमाम कार्यकर्ता गंगनहर में उतरकर जल सत्याग्रह करने लगे। घटना है जब भारतीय किसान यूनियन क्रांतिकारी संगठन के कार्यकताओं ने गंगनहर के पानी में खड़े होकर सरकार से यूजीसी एक्ट रोल बैक करने की मांग करते हुए जल सत्याग्रह किया। अध्यक्ष राजीव राणा ने कहा कि जाति और आरक्षण के बजाय केवल योग्यता के आधार पर अधिकार व अवसर मिलने चाहिए। कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां और बैनर लिए भारतीय किसान यूनियन (क्रांतिकारी) के कार्यकर्ता गंगनहर में उतर गए।

### यूजीसी बिल को तत्काल रद्द करने की उठाई मांग

मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के पास गंगनहर में उतरकर जोरदार प्रदर्शन और जल सत्याग्रह किया। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकताओं ने शिक्षा व्यवस्था में थोपे जा रहे नियमों का विरोध करते हुए यूजीसी बिल को तत्काल रद्द करने और देश से जातिगत आरक्षण व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त करने की मांग उठाई शिक्षा पर हर वर्ग का बराबर हककार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षा पर किसी वर्ग विशेष के कब्जे को समाप्त कर पूरे देश में एक समान शिक्षा नीति लागू की जानी चाहिए। संगठन के अध्यक्ष राजीव राणा ने कहा कि जाति और आरक्षण के नाम पर देश को बांटने के बजाय केवल योग्यता के आधार पर अधिकार और अवसर मिलने चाहिए।

### सरकार के असंवैधानिक फैसलों पर लगे रोक

गंगनहर के पानी में घंटों खड़े रहकर कार्यकर्ताओं ने शिक्षा व्यवस्था में असंवैधानिक व अन्यायपूर्ण फैसलों पर रोक लगाने की मांग की। उन्होंने सरकार को चेतावनी दी कि यदि योग्यता आधारित व न्यायपूर्ण व्यवस्था लागू नहीं हुई तो यह आंदोलन और बड़ा रूप लेगा। मौके पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा।

# बदलते मौसम से कम हो रही गर्भवती महिलाओं की प्लेटलेट्स

### वायरल और अन्य संक्रमण से बचने के लिए खाई जा रही दवाएं भी बढ़ा रहीं मुश्किलें

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लगातार हो रहे मौसम में बदलाव का असर सीधे रूप से लोगों की सेहत पर दिखाई दे रहा है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को ऐसे मौसम में ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सामान्य रूप से संक्रमण से बचने के लिए खाई जाने वाली दवा भी कई बार गभर्वती महिलाओं की परेशानी को और ज्यादा बढ़ा रही है। इसलिए चिकित्सक लगातार अपनी समस्या को डॉक्टर से साझा करने के बाद ही दवा लेने की अपील कर रहे हैं।

### मच्छरों से बचाव करें गर्भवती महिलाएं

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. तन्वी पुरी मलिक ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान प्रतिरोधक क्षमता सामान्य से कुछ कम हो जाती है, इसलिए संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में जगह-जगह पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को मच्छरों के काटने और वायरल संक्रमण से बचने के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। मच्छरों से बचने के लिए गर्भवती महिलाएं सुरक्षित मॉस्किटो रिपेलेंट का इस्तेमाल करें और कोशिश करें कि फुल स्लीव के कपड़े पहनें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें, क्योंकि इससे मच्छरों की ब्रीडिंग बढ़ती है। उन्होंने बताया कि इन दिनों वायरल और फ्लू जैसे संक्रमण भी बढ़ सकते हैं। यदि आसपास कोई व्यक्ति बीमार है तो उसे गर्भवती महिला के संपर्क में आने से बचना चाहिए। जरूरत होने पर मास्क का इस्तेमाल किया जा सकता है। बुखार होने पर खुद से दवा लेने के बजाय डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।बाहर का खाना खाने से बचें बारिश के मौसम में बाहर मिलने वाले चाउमीन, बर्गर, मोमोज समेत अन्य खाद्य पदार्थ दूषित हो सकते हैं। इससे फूड इंफेक्शन और पेट संबंधी समस्या होने का खतरा रहता है।

# गाजियाबाद-साहिबाबाद में फैक्ट्री में भीषण आग लगी

### चारों तरफ धुआं फैला, दमकल की 10 गाड़ियां आग बुझाने में जुटीं

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद ,साहिबाबाद स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में शाम फैक्टी में भीषण आग लग गई। जहां दमकल की टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। आग से चारों तरफ धुआं फैल गया। सीएफओ राहुल पाल कोतवाली, वैशाली और साहिबाबाद फायर स्टेशनों से 10 गाड़ी मौके पर भेजी हैं। जहां सीएफओ खुद आग बुझवाने का प्रयास कर रहे हैं।यह फैक्ट्री साइट 4 स्थित इंडिस्ट्रियल एरिया में है। जिसमें पंडा बेबी प्रॉडक्ट्स बनाए जाते हैं। आग कैसे लगी इसके कारणों का पता नहीं चल सका। सीएफओ राहुल पाल का कहना है कि आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। अलग-अलग स्टेशनों से दमकल की गाड़ियां लगीं हैं। फैक्ट्री में अंदर धुआं फैल गया है, जिससे आग बुझाने में परेशानी हो रही है।

### 12 गाड़ियों ने 2 घंटे में पाया काबू

सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि फैक्ट्री की चारों तरफ लोहे की चादर की टीनशेड की दीवार थी। इन्हीं के बीच से हौजपाइप की मदद से पानी आग बुझाने के लिए अंदर पहुंचाया गया। जहां हाईड्रोलिक प्लेटफार्म मशीन भी भी मौके पर बुलाई गई। इस फैक्ट्री में अंदर कच्चा माल भी चारों तरफ फैला हुआ था। जिसमें एक साथ अंदर काला धुआं फैल गया। दमकल के सभी जवानों ने आग पर काबू पाया। अभी तक की जांच में सामने आया कि शार्ट सर्किट से आग लगी है। 2 घंटे की मशक्कत के बाद 12 गाड़ियों की मदद से आग को पूरी तरह से बुझाया गया है। आग का कितना नुकसान हुआ है इसकी भी जांच की जा रही है।

# सेंट्रल मार्केट मुद्दे पर मेरठ बंद से पीछे हटे संगठन

### संयुक्त व्यापार संघ के दोनों गुटों ने वापस लिया समर्थन, 44 भूखंड मालिक भी अलग हुए

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , शास्त्रीनगर स्थित सेंट्रल मार्केट के सेटबैक प्रकरण को लेकर प्रस्तावित मेरठ बंद अब संघर्ष समिति के अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर के लिए मुश्किलों भरा होता दिखाई दे रहा है। बंद के समर्थन में जुटाए जा रहे व्यापारिक और सामाजिक संगठनों में से कई प्रमुख संगठन अब पीछे हट गए हैं। संयुक्त व्यापार संघ के दोनों गुटों ने भी बंद को जरूरी नहीं बताते हुए अपना समर्थन वापस लेने का ऐलान किया है। इसके साथ ही जो 44 भूखंड जो आवास विकास ने डीसील किए गए थे उन्होंने भी समर्थन वापस ले लिया है। रविंद्र गुर्जर के नेतृत्व में पिछले कई दिनों से शहर के अलग-अलग बाजारों में जनसंपर्क अभियान चलाकर व्यापारियों से बंद के समर्थन की अपील की जा रही थी। इसके साथ ही बार एसोसिएशन, किसान संगठनों और अन्य व्यापारिक संगठनों को भी आंदोलन से जोड़ने का प्रयास किया गया। कुछ संगठनों ने समर्थन का ऐलान भी किया था, लेकिन अब समर्थन वापसी के बाद आंदोलन का दायरा सीमित होता नजर आ रहा है। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन गुप्ता और अजय गुप्ता की ओर से कहा गया कि प्रशासन और शासन स्तर से व्यापारियों तथा आवासीय लोगों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया है। ऐसे में मेरठ बंद की जरूरत नहीं है।

### राजनीतिक रंग देने की भी चर्चा

बंद को लेकर शहर के व्यापारिक हलकों में अब इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से भी जोड़कर देखा जा रहा है। व्यापारियों के एक वर्ग का मानना है कि जिस मुद्दे को लेकर आंदोलन शुरू हुआ था, उसमें प्रशासनिक स्तर पर बातचीत और समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। ऐसे में बंद का नेतृत्व एक व्यक्ति तक सीमित रहना आंदोलन की स्वीकार्यता पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं, रविंद्र गुर्जर लगातार कह रहे हैं कि जब तक व्यापारियों और आवासीय लोगों को ठोस राहत नहीं मिलती, संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बंद को लेकर जनसंपर्क अभियान जारी रखा है।

### सेंट्रल मार्केट से भी नहीं समर्थन

इसके साथ ही जिन 44 भूखंडों को आवास विकास द्वारा डी सील किया गया था पहले उन्होंने भी रविंद्र गुर्जर के इस आंदोलन में समर्थन की घोषणा की थी लेकिन आज आवास विकास कार्यालय में हुई मीटिंग के बाद 44 भूखंडों के स्वामियों ने मेरठ बंद होने के इस आंदोलन से अपना समर्थन वापस ले लिया है। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस और एलआईजी अपना समर्थन इस बंदी से वापस ले लिया है। वहीं नर्सिंग होम एसोसिएशन के लीगल एडवाइजर डॉ नागेंद्र ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा कि रविंद्र गुर्जर को हमारे द्वारा ही एक जिम्मेदारी दी गई थी जिसमें उन्हें भाषा की मयार्दा रखना बहुत जरूरी है। जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल उन्होंने मेरठ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के लिए की है वह बेहद शर्मनाक है यदि रविंद्र गुर्जर उसके लिए वीडियो जारी कर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं ।

# एक्सप्रेसवे पर खड़ी रोडवेज बस में घुसी कार , 2 मौतें

### ग्रेटर नोएडा में हुआ हादसा; कार पर सवार थे दोनों, एक साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



नोएडा-ग्रेटर ,नोएडा एक्सप्रेसवे पर दोपहर करीब 3 बजे तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस में पीछे से जा घुसी। नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन के पास हुए हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। टप्पल अलीगढ़ निवासी धीरज, भरत और भानु किसी काम से ग्रेटर नोएडा आ रहे थे। नॉलेज पार्क मेट्रो स्टेशन के पास उनकी कार एक्सप्रेसवे किनारे खड़ी बस से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों युवक उसमें फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने धीरज और भरत को मृत घोषित कर दिया। भानु का उपचार चल रहा है। पंचर होने पर किनारे खड़ी थी बस पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि रोडवेज बस का एक टायर पंचर हो गया था। इसके बाद चालक ने बस को एक्सप्रेसवे के किनारे खड़ा कर दिया था। पुलिस यह जांच कर रही है कि बस को किस स्थिति में खड़ा किया गया था और उसके पीछे पर्याप्त चेतावनी संकेतक लगाए गए थे या नहीं।

# 20 मिनट लिफ्ट में फंसे 2 मरीज समेत 5 लोग

### नोएडा के रॉयल टावर अपार्टमेंट में 5वीं-6वीं मंजिल के बीच रुकी, सीढ़ी से निकाले गए

अमन लेखनी समाचार

नोएडा , सेक्टर-61 स्थित रॉयल टावर अपार्टमेंट में शाम लिफ्ट पांचवीं और छठवीं मंजिल के बीच फंस गई। लिफ्ट में दो मरीज, दो साल का बच्चा और दो अन्य लोग सवार थे। करीब 20 मिनट तक सभी पांच लोग लिफ्ट में फंसे रहे। बाद में गार्ड और सोसाइटी के लोगों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना शाम करीब 7:30 बजे की है। सोसाइटी निवासी सिद्धांत माथुर के मुताबिक, उनके चाचा विनय माथुर, पुष्प दयाल माथुर, दो साल का बच्चा त्रियक्ष और दो अन्य रिश्तेदार लिफ्ट से नीचे आ रहे थे। इसी दौरान लिफ्ट पांचवीं और छठवीं मंजिल के बीच रुक गई।

### 20 मिनट बाद पहुंचे गार्ड, सीढ़ी लगाकर निकाला

लिफ्ट के अचानक रुकने के बाद अंदर मौजूद लोगों ने मदद के लिए आवाज लगाई। काफी देर तक लिफ्ट नहीं खुली तो सोसाइटी के लोगों को इसकी जानकारी दी गई। करीब 20 मिनट बाद गार्ड मौके पर पहुंचे। पांचवीं मंजिल पर मौजूद एक व्यक्ति ने सीढ़ी उपलब्ध कराई। इसके बाद लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सभी पांच लोगों को एक-एक करके बाहर निकाला गया। इस दौरान बच्चे समेत लिफ्ट में फंसे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



### तीन टावरों में छह लिफ्ट, अक्सर खराब होने का आरोप

घटना के बाद सोसाइटी के लोगों ने लिफ्ट की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर सवाल उठाए। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में तीन टावरों में कुल छह लिफ्ट हैं, लेकिन इनमें से कोई न कोई लिफ्ट अक्सर खराब रहती है।

# 6-साल की बच्ची से रेप-हत्या करने वाला एनकाउंटर में ढेर

### नोएडा में बोरी में भरकर लाश फेंकी, 24 घंटे में पुलिस ने मार गिराया

अमन लेखनी समाचार

नोएडा,ग्रेटर नोएडा में 6 साल की बच्ची से रेप के बाद हत्या के आरोपी को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया। शाम 5 बजे पुलिस आरोपी को हत्या में इस्तेमाल हथियार बरामद कराने ले गई थी। वहां उसने छिपाई गई पिस्टल से पुलिसकर्मियों पर गोली चला दी। इसी दौरान पुलिस ने गोली चलाई, तो वह घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दरअसल, बच्ची घर से अचानक लापता हो गई थी। घरवालों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू की। 5 टीमें बनाईं और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से जांच शुरू की। इस दौरान बच्ची के घरवालों ने 32 साल के बलराज को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वह बच्ची के चाचा के यहां किराए पर रहता था। सीसीटीवी में वह बोरी में बच्ची को ले जाता दिख रहा था। दोपहर पुलिस ने बलराज को गिरफ्तार कर लिया था। घटना ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र की है।




### पुलिस उपायुक्त बोले- आरोपी ने पुलिस पर गोली चलाई

ग्रेटर नोएडा के पुलिस उपायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया- सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि बलराज बच्ची को अगवा करके ले गया है। उसने बच्ची से रेप करने के बाद उसके शव को बोरे में भरकर फेंक दिया था। बच्ची की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी रेप करने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को हिरासत में लिया था।

पूछताछ के दौरान बलराज ने बताया कि उसके पास चाकू है। चाकू बरामद करने के लिए पुलिस उसे लेकर गई। वहां उसने छिपाई हुई पिस्टल निकाली और पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। गोली ईकोटेक-3 थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल रवि कुमार के हाथ में लग गई।

# जंगल में आम के पेड़ से लटकता मिला 19 वर्षीय विवाहिता का शव, इलाके में मचा हड़कंप

**शौच के लिए जंगल गए परिजनों ने देखा शव, सूचना पर पहुंची चोपन पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा।**

अमन लेखनी समाचार



डाला (सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के टोला भवानी कटरिया के जंगल में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 19 वर्षीय विवाहिता का शव आम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची चोपन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मेदारदह, अनपरा निवासी सहोदरी देवी (लगभग 19 वर्ष), पत्नी सुदर्शन का शव उसके घर से करीब 600 मीटर दूर पहाड़ी के समीप जंगल में आम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला। बताया जा रहा है कि मृतका के परिजन शौच के लिए जंगल की ओर गए थे। इसी दौरान उनकी नजर पेड़ से लटकते शव पर पड़ी। शव देखते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी घर के अन्य सदस्यों को दी। इसके बाद सोमवार को दोपहर करीब तीन बजे घटना की सूचना चोपन पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में लिया तथा आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, विवाहिता की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसे लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। चोपन पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस द्वारा घटनास्थल से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# बोल बम सेवा समिति ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को वितरित की मच्छरदानी



अमन लेखनी समाचार

रेणुकूट (सोनभद्र)। बोल बम सेवा समिति रेणुकूट की ओर से दुद्धी स्थित वृद्धाश्रम में सेवा एवं सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम में निवास कर रहे महिला एवं पुरुष बुजुर्गों को मच्छरदानी, फल एवं मिठाई वितरित की गई। सेवा कार्य में समिति के सदस्यों नागेंद्र सोनी, अरुण कुमार सिंह, जय प्रकाश यादव, दिवाकर द्विवेदी (डायरेक्टर, माइंड डेवलपमेंट सेंटर) एवं सुनील अग्रवाल ने अपनी ओर से मच्छरदानियां उपलब्ध कराकर सहयोग किया। वहीं समिति के सदस्य विकास शर्मा ने वृद्धजनों के लिए कोलगेट मंजन, नहाने का साबुन, गमछा एवं शुगर-फ्री बिस्किट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान समिति के आयोजक अध्यक्ष राजेश ने सभी सदस्यों के सहयोग एवं सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं, बल्कि सभी सदस्यों के सामूहिक सहयोग और सेवा भावना का परिणाम है। जब लोग अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करते हैं तो वही छोटा-छोटा प्रयास जरूरतमंदों के लिए बड़ी मदद बन जाता है।

# जीवन में धारण करने से ही मिलेगी कथा की सार्थकता-नीरज कृष्ण शास्त्री

**कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत का हुआ शुभारंभ**

अमन लेखनी समाचार



गुरसराय (झांसी)। नगर के ऐतिहासिक तालाब माता मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ मंगलवार को वैदिक मंत्रों के बीच शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में जहां सैकड़ों लोग ढोल नगाड़ों के बीच डीजे पर धार्मिक गीतों पर थिरकते नजर आये वहीं महिलायें सिर पर कलश रखकर मंगल गीत गाती हुयीं दिखी। कलश यात्रा नगर के विभिन्न रास्तों से होती हुई तालाब माता मंदिर पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना की गई। पूरा वातावरण धर्ममय एवं जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। उक्त जानकारी देते हुए महिला कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि 1 सितंबर से 7 सितंबर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का समय अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। श्रीमद्भागवत कथावाचक पंडित नीरज कृष्ण शास्त्री वृन्दावन धाम ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि कथा की सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम अपने जीवन और व्यवहार में धारण करें। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। संगीतमय कथा में सहगायन पूजन पर नीरज पाठक, ऑर्गन प्रमोद गोस्वामी, ढोलक पर हरिमोहन, पैड पर पुस्पेंद्र ने संगत की। कथा की आरती परीक्षित अन्जू अनुज सेन ने की। 7 सितंबर को कन्या भोज पूणार्हुति के साथ कथा का विराम होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार की अध्यक्ष शकुन घोष, रमा बहिन जी, संतोषी, विनीता शर्मा, सोनम स्वर्णकार, मालती गुप्ता, पार्वती, कविता शर्मा, संगीता, रामदेवी, उमा, नीलम, विमला, गुड्डी परिहार, मीडिया प्रभारी रागनी, विनोद स्वामी, धर्मेंद्र स्वर्णकार बल्ले, बल्लू महाराज, विनीता, प्रीति, स्वणका, रजनी, आशाराम, पूर्वी समेत सैकड़ो धर्मप्रेमी मौजूद रहे।

खास समाचार

## जुगैल पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल निर्देशन में थाना जुगैल पुलिस टीम द्वारा मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में मु0नं0 4856/20 से संबंधित एक नफर वारण्टी अभियुक्त ओमप्रकाश खरवार पुत्र हरिप्रसाद, निवासी ग्राम जुगैल, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## पारिवारिक विवाद में भिड़े तीन लोग, चालान

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर ( सोनभद्र ) स्थानीय थाना क्षेत्र के पुनर्वास प्रथम में सोमवार को पारिवारिक विवाद को लेकर आपस में झगड़ रहे तीन लोगों को पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टिगत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान तीनों पक्ष आपस में गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। काफी समझाने-बुझाने के बावजूद जब स्थिति सामान्य नहीं हुई तो पुलिस ने तीनों के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिक सोमवार को अभियान के तहत थाना बीजपुर पुलिस जांच प्रार्थना पत्र के संबंध में ग्राम पुनर्वास प्रथम पहुंची थी। यहां रामचन्दर यादव (35) पुत्र स्व. शोभनाथ यादव, सीता देवी (40) पत्नी कन्हैया लाल यादव तथा सुरेश गुप्ता (40) पुत्र रामदुलारे, सभी निवासी ग्राम पुनर्वास प्रथम, पारिवारिक विवाद को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। पुलिस द्वारा मामले की जानकारी लेने के दौरान ही तीनों गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने विवाद शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन तीनों पक्ष समझाने के बावजूद शांत नहीं हुए। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तीनों को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर लिया। तीनों को सोमवार को पुनर्वास प्रथम से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय दुद्धी भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल भानू प्रताप सिंह तथा महिला कांस्टेबल प्रियंका कुमारी शामिल रहीं।

## ओबरा बाँध के बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती गांवों में सतर्कता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों को किया गया जागरूक

एसडीएम, सीओ के नेतृत्व में सतर्कता बरतने की ग्रामीणों से की गई अपील।

अमन लेखनी समाचार



ओबरा (सोनभद्र)। रिहंद डैम के जलस्तर में लगातार वृद्धि होने कारण कभी भी रिहंद डैम के फाटक खुलने की संभावना के मद्देनजर ओबरा बाँध के जलस्तर में वृद्धि एवं आवश्यकतानुसार गेट खोले जाने की संभावना के दृष्टिगत प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर लोगों को सतर्क एवं जागरूक किया गया। इसी क्रम में एसडीएम ओबरा रवि पासवान, सीओ प्रभात राय व थाना प्रभारी सदानंद राय द्वारा ग्राम खैरटिया में प्राथमिक विद्यालय पर बच्चों को एकत्रित कर बढ़ते जलस्तर, संभावित जलप्रवाह एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई।

# मजदूर नेता कर्मराज सिंह की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

अमन लेखनी समाचार



रेणुकूट (सोनभद्र)। मजदूर एकता हिण्डाल्को के संरक्षक एवं पूर्व वरिष्ठ मजदूर नेता स्वर्गीय कर्मराज सिंह की अंतिम यात्रा सोमवार को उनके आवास सीनियर 4ए से निकाली गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में मजदूर, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी और नगर के प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। पूरे रास्ते श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ उमड़ी रही और माहौल गमगीन बना रहा। स्वर्गीय कर्मराज सिंह के चित्र को फूल-मालाओं से सुसज्जित वाहन पर रखा गया था। बैंड बाजे पर बज रही ह्लचल उड़ जा रे पंछी, ये देश हुआ बेगानाह्व की गमगीन धुन ने वातावरण को भावुक कर दिया। अंतिम यात्रा उनके आवास से रेणुकूट पुलिस चौकी तक पहुंची, जहां से पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए मणिकर्णिका घाट, वाराणसी ले जाया गया। अंतिम दर्शन एवं श्रद्धांजलि देने के लिए हिण्डाल्को परिवार सहित नगर के विभिन्न वर्गों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। हिण्डाल्को परिवार की ओर से एचआर क्लस्टर हेड जसवीर सिंह, ईआर हेड अजय सिन्हा, लीगल हेड यशवंत सिंह समेत संजय सिंह, सुरेश सिंह, मनीष सिन्हा, वेद प्रकाश, अजय जायसवाल, योगेंद्र सिंह फौजी, मुन्ना सिंह, राजन सिंह, जितेंद्र सिंह, ज्ञानधर पांडेय, राजकुमार शर्मा, एबी सिंह, डिम्पी, अरुणेश सिंह, विनय सिंह, सुनील सिंह और शिवकुमार सिंह सहित सैकड़ों अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मजदूर साथियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चाचा लाल बहादुर स्मारक सेवा समिति के अध्यक्ष, राष्ट्रीय क्षत्रिय महासेना के जिलाध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस कमेटी रेणुकूट के नगर अध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह बबलू ने पदाधिकारियों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कर्मराज सिंह का निधन मजदूर समाज के साथ ही पूरे रेणुकूट-पिपरी क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने जीवनभर मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका संघर्ष और मजदूर हितों के प्रति समर्पण सदैव लोगों को प्रेरणा देता रहेगा। अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ ने स्वर्गीय कर्मराज सिंह के प्रति लोगों के सम्मान और आत्मीय जुड़ाव को दर्शाया। सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अपने प्रिय मजदूर नेता को अंतिम विदाई दी।

# जुगैल पुलिस द्वारा फर्जी एवं कूटरचित अभिलेख तैयार कर वरासत का दावा करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबर प्रभात राय के कुशल निर्देशन में थाना जुगैल पुलिस टीम द्वारा फर्जी एवं कूटरचित अभिलेख तैयार कर स्व0 भजन की भूमि पर वरासत का दावा करने के मामले में वांछित अभियुक्त राम बच्चन पुत्र रामगुलाम, निवासी ग्राम गोठानी, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को दिनांक 31.08.2026 को समय करीब 07:15 बजे उसके घर ग्राम गोठानी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा वर्ष 2014-15 में फर्जी आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र तैयार कर अभिलेखों में स्वयं को राम बच्चन पुत्र स्व0 भजन दर्ज कराते हुए स्व0 भजन का पुत्र होने का दावा कर उनकी भूमि पर वरासत हेतु न्यायालय में मुकदमा दाखिल किया गया था। साक्ष्यों एवं अभिलेखीय जांच में अभियुक्त द्वारा फर्जी एवं कूटरचित अभिलेख तैयार किए जाने की पुष्टि होने पर थाना जुगैल पर मु0अ0सं0-0061/2026, धारा 318(4), 319(2), 125(2), 352, 351(2), 338, 336(2), 336(3), 340(2) इठर में अभियोग पंजीकृत किया गया उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त राम बच्चन उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# परिषदीय विद्यालयों में मेधावी छात्र चयन परीक्षा का आयोजन

**विद्यालय से जनपद स्तर तक होगी मेधावी छात्रों की प्रतिभा की परख।**

**9 सितम्बर को जनपद स्तरीय परीक्षा में शामिल होंगे ब्लॉक स्तर पर चयनित नौनिहाल।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद सोनभद्र के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रतिभा को पहचानने एवं उनमें प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ह्यमेधावी छात्र चयन परीक्षा-अगस्त 2026ह्व का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के माध्यम से कक्षा 3, 5, 6 एवं 8 के मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन किया जा रहा है। वर्तमान में विद्यालय एवं संकुल स्तर पर परीक्षा एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया संचालित है। विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को उचित मंच प्रदान किया जा रहा है। विभागीय कार्ययोजना के अनुसार विद्यालय स्तर पर चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं के पश्चात संकुल स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। संकुल स्तर पर चयनित मेधावी छात्र आगामी ब्लॉक स्तरीय परीक्षा/प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद ब्लॉक स्तर पर चयनित छात्र-छात्राएं 9 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिन विकास खण्डों में वृहद स्तर पर आयोजन में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही है, वहां संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा में संबंधित स्तर के शीर्ष/प्रथम मेधावी छात्र को ही आमंत्रित किया जाए, जिससे चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके। मेधावी छात्र चयन परीक्षा के अंतर्गत चयनित एवं सम्मानित छात्र-छात्राओं का विवरण व्यवस्थित रूप से ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इस संबंध में नोडल संकुल शिक्षकों एवं संकुल शिक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने सेवित क्षेत्र के विद्यालयों में सम्मानित किए जाने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्पूर्ण विवरण तथा कार्यक्रम की तस्वीरें निर्धारित लिंक/क्यूआर कोड के माध्यम से अनिवार्य रूप से अपलोड करें। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में संचालित यह पहल परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ ही उनकी प्रतिभा को पहचानकर आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# तेज रफ्तार टेम्पो बना हादसे का कारण, सड़क पर गिरकर बीए की छात्रा गंभीर घायल

अमन लेखनी समाचार




डाला (सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र के नौवटलिया मोड़ के पास सोमवार को तेज रफ्तार टेम्पो में सवार एक छात्रा अचानक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घायल छात्रा को उसी टेम्पो से चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना चोपन पुलिस को नहीं दिए जाने की बात सामने आई है। मिली जानकारी के मुताबिक भकसीहवा, कोटा निवासी सीमा कुमारी यादव (लगभग 19 वर्ष), पुत्री त्रिलोकीनाथ यादव, ओबरा स्थित पीजी कॉलेज में बीए सेकेंड ईयर की छात्रा है। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह पीजी कॉलेज ओबरा गई थी, जहां फीस की रसीद जमा करने के बाद टेम्पो से अपने घर भकसीहवा कोटा वापस लौट रही थी। इसी दौरान टेम्पो जैसे ही नौवटलिया मोड़ के पास पहुंचा, चालक ने कथित तौर पर तेज रफ्तार में वाहन को मोड़ दिया। अचानक तेज गति से टेम्पो के मुड़ने के कारण उसमें सवार छात्रा अपना संतुलन खो बैठी और टेम्पो से सरककर बाहर सड़क पर जा गिरी। सड़क पर गिरने से छात्रा को गंभीर चोटें आईं और वह घायल हो गई। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल छात्रा को तत्काल उसी टेम्पो से चोपन अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने छात्रा का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं, घटना के संबंध में चोपन पुलिस को सूचना नहीं दिए जाने की बात कही जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में टेम्पो चालकों की तेज रफ्तार और यातायात नियमों के पालन को लेकर चिंता देखने को मिली। लोगों ने पुलिस-प्रशासन से क्षेत्र में टेम्पो की गति और यातायात व्यवस्था पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

# पैसों के लेनदेन को लेकर भिड़े दो पक्ष, पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार



**महुली में विवाद बढ़ने पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर कार्रवाई, चारों को भेजा गया न्यायालय।।**

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के महुली गांव में रविवार को पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में गाली-गलौज शुरू हो गई और मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष शांत होने को तैयार नहीं हुए। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, महुली गांव में रामप्रकाश और लाल बिहारी व दूसरे पक्ष से अनुक कुमार और ब्रह्मदेव के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो रही थी। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने के दौरान भी दोनों पक्षों के लोग आपस में गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर आमादा हो गए। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने हमराह कांस्टेबल प्रकाश कुमार के सहयोग से चारों को रविवार दोपहर महुली गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चारों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय दुद्धी भेज दिया। गिरफ्तार किए गए लोगों में रामप्रकाश पुत्र रामस्वरूप (27), लाल बिहारी पुत्र वंशरूप (32), अनुक कुमार पुत्र जय कुमार (24) और ब्रह्मदेव पुत्र रामलल्लू (18) सभी निवासी ग्राम महुली, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र शामिल हैं।

# उद्योग बंधु एवं व्यापारी बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को दिए निर्देश

**मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की पत्रावलियों का अनावश्यक आपत्तियां लगाकर न करें निरस्तीकरण-जिलाधिकारी**

**जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को मिलने वाले 10 लाख रुपये तक के बीमा लाभ का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश**

**पात्र उद्यमियों एवं व्यापारियों को शासन की योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर करें लाभान्वित।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में उद्योग बंधु एवं व्यापारी बंधु की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्यमियों एवं व्यापारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बैंक स्तर पर लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि उद्यमियों एवं व्यापारियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित पत्रावलियों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने बैंकर्स एवं एलडीएम को कड़े निर्देश दिए कि लाभार्थियों की पत्रावलियों पर अनावश्यक रूप से आपत्तियां लगाकर उन्हें निरस्त न किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी पत्रावली में कमी है तो लाभार्थी को अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार की कार्रवाई कराई जाए, लेकिन बिना उचित कारण के पत्रावलियों को निरस्त करने की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने इस संबंध में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाली योजना है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बैंकर्स एवं एलडीएम को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बिना उचित कारण के लाभार्थियों की पत्रावलियां निरस्त किए जाने की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित बैंकर्स के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा प्रकरण में उच्च स्तर पर भी पत्राचार किया जाएगा जिलाधिकारी ने सभी संबंधित बैंकर्स को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से संबंधित बैनर एवं पोस्टर सभी बैंक शाखाओं में प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक युवा इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकें और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में जीएसटी विभाग के अधिकारी द्वारा व्यापारियों के लिए उपलब्ध बीमा सुविधा की जानकारी देते हुए बताया गया कि जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक के बीमा का प्रावधान है। पंजीकृत व्यापारी के साथ दुर्घटना अथवा मृत्यु की स्थिति में नियमानुसार बीमा कंपनी द्वारा 10 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिलाधिकारी ने जीएसटी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि उक्त सुविधा का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## रामायण में राजा जनक का किरदार निभाएंगे टीवी अभिनेता राजीव

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के अंदर बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार नजर आने वाले हैं। 'रामायण' में कौन एक्टर क्या किरदार निभाएगा, इसको लेकर भी तस्वीरें साफ हो गई हैं। लेकिन एक किरदार को लेकर लगातार सस्पेंस बना हुआ था, जो है माता सीता के पिता राजा जनक है। राजा जनक के किरदार को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। फिल्म 'रामायण' में यह किरदार टीवी के एक्टर राजीव कुमार निभाने वाले हैं। राजीव कुमार लंबे समय से टेलीविजन की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 'मिलके भी हम न मिले' और 'कभी कभी इत्तेफाक से' जैसे मशहूर सीरियल्स में काम किया है।

लाइफ Style



## शालिनी

### प्राइवेसी पर हमला बर्दाश्त नहीं

अर्जुन रेड्डी' फेम शालिनी पांडे डीपफेक का शिकार हो गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फर्जी वीडियो पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ते हुए इसे एआई जनरेटेड बताया है। फिल्म अर्जुन रेड्डी और महाराज से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस शालिनी पांडे डीपफेक का शिकार हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेट पर उनके नाम से एक आपत्तिजनक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसे लेकर शालिनी पासी ने अपनी चिंता को जाहिर करते हुए पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और इसे पूरी तरह फर्जी और एआई-जनरेटेड बताया है। शालिनी पांडे ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा कि उनके नाम से घूम रहा वीडियो पूरी तरह से गढ़ा गया है। उन्होंने कहा, "यह देखकर बहुत दुख और गुस्सा होता है कि तकनीक का इस्तेमाल किसी महिला की छवि और निजता को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। यह वीडियो पूरी तरह फर्जी और एआई जनरेटेड है। मैं अपने प्रशंसकों और सभी लोगों से अपील करती हूं कि वे इस तरह के किसी भी फर्जी कंटेंट को शेयर, डाउनलोड या आगे न बढ़ाएं। शालिनी ने वीडियो के संबध में अपने इंस्टा पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने उनके ट्वीटर पर वायरल हो रहे डीपफेक वीडियो के बारे में बात की है। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि इंटरनेट पर वायरल हो रहा एआई-जनरेटेड वीडियो पूरी तरह फर्जी है और उसमें नजर आ रही लड़की वह नहीं हैं। शालिनी ने कहा कि यह बेहद परेशान करने वाला है कि तकनीक का इस्तेमाल लोगों, खासकर महिलाओं को निशाना बनाने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा रहा है।

हॉलीवुड मसाला




## डेज ऑफ थंडर के सीक्वल का हुआ ऐलान

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर एक्टर टॉम क्रूज के दिवाने पूरे विश्वभर में है। अपनी कूल इमेज को लेकर एक्टर के फैंस हमेशा से उनकी फिल्मों की नई अपडेट का इंतजार करते रहे है। इसी कड़ी में मिशन इम्पॉसिबल स्टार ने अपनी नई रिलीज को लेकर फैंस के साथ जानकारी शेयर की है। जो उनकी रेसिंग ड्रामा फिल्म 'डेज ऑफ थंडर' से जुड़ी है। दरअसल, सिनेमाघरों में 27 जून, 1990 को रिलीज हुई उनकी रेसिंग ड्रामा मूवी 'डेज ऑफ थंडर' की सीक्वल आने वाला है, जिसकी जानकारी टॉम क्रूज ने अपने इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर की।




## माइकल ने संगीत से मिटाई नस्लभेद की दीवारें

**नई दिल्ली।** 'माइकल जैक्सन... संगीत की दुनिया का वो नाम जिनके गाने पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों ने सुने हैं। निया के 'किंग ऑफ पॉप' कहलाने वाले माइकल ने न सिर्फ अपने गानों पर लोगों को डांस करने पर मजबूर किया, बल्कि उनके पावरफुल सॉन्ग्स ने लंबे समय से अमेरिका में चली आ रहे भेदभाव की दीवार को भी गिराया। अमेरिकी गायक, गीतकार और डांसर के अलावा माइकल जैक्सन समाजसेवी भी थे। उन्होंने अपने गानों में अमेरिका में हमेशा से चले आ रहे नस्लीय-भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई। पॉप किंग ने 'ब्लैक एंड व्हाइट' गाने में नस्लवाद की आलोचना की और बहुसंस्कृतिवाद का समर्थन किया। इसके अलावा 'रिमेंबर द टाइम' में उन्होंने अमेरिकन संस्कृति के बारे में बताया। उनकी गायकी ने पॉप कल्चर पर गहरा प्रभाव छोड़ा। वैसे तो माइकल जैक्सन ने अपनी जिंदगी में दौलत और शोहरत सब पाई।



## दोस्तों के साथ एंजॉय करती दिखीं जान्हवी

**मुंबई।** चर्चित अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सोशल मीडिया पर कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इनमें वे अपने गर्ल्स गैंग के साथ पिज्जा एंजॉय करती दिख रही हैं। मौसम ने करवट ले ली है। कुछ इलाकों में गर्मी से राहत मिल गई है और मौसम सामान्य हो गया है। जान्हवी कपूर भी गर्मियों की विदाई पर खुश हैं। उन्होंने अपने हालिया सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जाहिर किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से आज सोमवार को एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों की एक सीरीज है। जान्हवी बेहद स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे अपने मेकअप प्रोडक्ट्स फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। जान्हवी ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'गर्मियों को गुडबाय। आप बहुत अच्छी थीं'। साथ में रेड हार्ट इमोजी बनाया है।



## सेंसर बोर्ड ने मिर्जापुरः द मूवी पर चलाई कैंची

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द मूवी' को सेंसर बोर्ड ने 3 घंटे 17 मिनट के रनटाइम और 'ए' सर्टिफिकेट के साथ पास कर दिया है। 4 सितंबर को रिलीज हो रही इस फिल्म में कुछ संवाद और सीन में बदलाव किए गए हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर तहलका मचाने के बाद सुपरहिट फ्रेंचाइजी 'मिर्जापुर' अब सिनेमाघरों में बड़ा धमाका करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी रिलीज से महज कुछ दिन पहले 'मिर्जापुरः द मूवी' ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की प्रक्रिया को पार कर लिया है। फिल्म को पास करते समय सीबीएफसी ने कुछ बदलावों के आदेश दिए हैं। चार जगहों पर अपशब्दों को म्यूट किया गया है, जबकि छह स्थानों पर आपत्तिजनक शब्दों को बदला गया है। संवादों के स्तर पर 'गले से लग गर' जैसे वाक्यांश में बदलाव कराए गए।

टीवी मसाला



## बिग बॉस के प्रीमियर में दिखे 4 सुपरस्टार होस्ट

**नई दिल्ली।** जियो स्टार ने एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमे बिग बॉस तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम के होस्ट - विजय सेतुपति, नागार्जुन, किच्चा सुदीप और मोहनलाल नजर आ रहे हैं। यह प्रोमो 6 सितंबर 2026 को चारों वर्जन के एक साथ प्रीमियर से पहले इस फ्रैंचाइजी के चारो चेहरों को एक साथ ला रहा है। विजय सेतुपति, नागार्जुन, किच्चा सुदीप और मोहनलाल ने अपने-अपने वर्जन के जरिए दर्शकों के साथ मजबूत जुड़ाव बनाया है। चारों होस्ट को पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते देखना चार अलग-अलग फैन बेस को एक साथ लाता है और उत्साह को और बढ़ाता है। आने वाले सीजन के उत्साह के बीच होस्ट एक-दूसरे के राज्यों के खाने को लेकर मजेदार स्थिति में फंस जाते हैं, जिससे कहानी में एक मजेदार मोड़ आता है। यह प्रोमो चारों होस्ट की स्टार पावर को एक साथ लाता है और बिग बॉस के जबरदस्त प्रीमियर के लिए माहौल बनता है। उनका मजाक-मस्ती, ऑब्जर्वेशन और वीकेंड की बातचीत हर सीजन के सबसे इंतजार किए जाने वाले हिस्सों में से हैं, जो अक्सर घर के बाहर भी चर्चा का विषय बनते हैं। चारों को एक प्रोमो में एक साथ लाने से तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम फैंस के लिए एक अनोखा क्रॉसओवर बनता है और फ्रैंचाइजी के सबसे बड़े साउथ लॉन्च के लिए माहौल तैयार होता है। जियो स्टार के एंटरटेनमेंट (साउथ) हेड, कृष्णन कुट्टी ने कहा, "हमारे चारों होस्ट का अपने दर्शकों के साथ एक खास रिश्ता है, और यही रिश्ता बिग बॉस को हर मार्केट में इतना दमदार बनाता है।

### 12 लाख के सवाल पर टूटा सपना

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 18 का हालिया एपिसोड सिर्फ सवालों का खेल नहीं रहा। हॉट सीट पर बैठीं अमरावती की प्रगति दिनेश कल्पेकर ने अपनी जिंदगी की ऐसी बातें बताईं कि हर कोई उनकी कहानी सुनता रह गया। चाय बेचने वाले पिता की बेटी प्रगति 12 लाख रुपए के सवाल तक पहुंच



गई थीं, लेकिन 'कोमागाता मारू' वाले सवाल पर उनका जवाब गलत हो गया। आखिर में वो 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। शो के दौरान उन्होंने अपने बचपन, टूटे डॉक्टर बनने के सपने और छोटे भाई से जुड़ी ऐसी बात बताई जिसने सबको भावुक कर दिया। प्रगति ने बताया कि उनके पिता चाय की दुकान चलाते हैं। घर में पैसों की दिक्कत थी, फिर भी उन्होंने बच्चों की पढ़ाई कभी नहीं रुकने दी। पढ़ाई के लिए प्रगति को बचपन में नाना-नानी के घर भेज दिया गया. इसी वजह से उनका छोटा भाई करीब पांच साल तक ये नहीं जान पाया कि उसकी एक बड़ी बहन भी है। प्रगति का सपना एमबीबीएस करके डॉक्टर बनने का था। उन्होंने नीट की तैयारी भी की, लेकिन सीट नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने बीडीएस में दाखिला लिया। उस वक्त वो काफी उदास हो गई थीं।

## दायरा का दमदार ट्रेलर रिलीज, आमने सामने दिखे करीना और पृथ्वीराज

**नई दिल्ली।** 'दायरा' का ट्रेलर करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन के बीच एक तनावपूर्ण टकराव को दिखाता है। वे दोनों पुलिस ऑफिसर हैं जो नाबालिगों से जुड़े अपराध के एक मामले में आम्ने-सामने आ जाते हैं। ट्रेलर में जितेंद्र जोशी, क्षिति जोग, कंवलजीत सिंह, संदीप कुलकर्णी और तृप्ति खामकर भी सहायक भूमिकाओं में हैं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेघना गुलजार की डायरेक्ट की गई यह थ्रिलर फिल्म कानून, न्याय और जवाबदेही के बीच के टकराव को दिखाती है, क्योंकि इसमें एक विवादित पुलिस एनकाउंटर की जांच आगे बढ़ती है। करीना कपूर खान ने डीएसपी अजूनी कोहली का किरदार निभाया है, जबकि पृथ्वीराज सुकुमारन ने डीएसपी रमन कुमार का रोल किया है। ट्रेलर की शुरुआत एक पुलिस एनकाउंटर से जुड़े मामले पर दोनों अधिकारियों के अलग-अलग रुख से होती है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ती है, ड्यूटी और न्याय को लेकर उनके नजरिए में टकराव होने लगता है। मामला तब और गंभीर हो जाता है जब एक परिवार अपनी



लापता बेटी को खोजने में मदद के लिए अधिकारियों से संपर्क करता है। जांच के दौरान, एक ऐसे आरोपी के बारे में जानकारी सामने आती है जो कथित तौर पर पिछले दो सालों से उसी रास्ते पर सक्रिय था।

***क्या है ट्रेलर में?*** *: ट्रेलर नाबालिग अपराधियों से जुड़े कानूनी ढांचे पर भी सवाल उठाता है। एक मुख्य बहस यह है कि क्या रेप और हत्या जैसे गंभीर अपराधों के आरोपी नाबालिगों के मामलों में नाबालिगों की सुरक्षा से जुड़े कानून लागू होने चाहिए। दोनों अधिकारियों के बीच असहमति सिर्फ उस खास मामले तक ही सीमित नहीं है। वे एक-दूसरे की प्रक्रिया, जवाबदेही और पुलिस अधिकारी के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों की सीमाओं को समझने के तरीके पर सवाल उठाते हैं। यश*

## राधे-कृष्ण का 20 साल पुराना भजन, कानों में रस घोलती श्रेया की आवाज, जन्माष्टमी पर हर जगह रहती है गूंज

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में राधा-कृष्ण के गानों की भरमार है। ये गाने ना सिर्फ राधा-कृष्ण के अटूट प्रेम की ओर इशारा करते हैं बल्कि जीवन में सिखाते हैं कि प्रेम सिर्फ पाना ही नहीं है। प्रेम में विरह का भी अपना महत्व है। उनका प्रेम लौकिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक और निर्गुण प्रेम है। वहीं, यह आत्मा (राधा) और परमात्मा (कृष्ण) के मिलन का प्रतीक माना जाता है। इसी पर बॉलीवुड में कई गाने भी बने हैं, जिन्हें जन्माष्टमी के अवसर पर ही नहीं, बल्कि सुबह शाम आरती में भी आपने बजते हुए सुना होगा. 20 साल से श्रेया घोषाल का यह गाना कहें या भजन लोगों के गानों में मिठास घोलता है। आपने नही पहचाना हम बात कर रहे हैं सावईया गाने की। जो लोग अभी भी नहीं पहचान पाए उन्हें बता दें कि यह 2006 में आई



रोमांटिक फिल्म विवाह का गाना सवईया है, जिसके बोल कुछ इस प्रकार हैं। 'राधे कृष्ण की ज्योति अलौकिक तीनों लोक में छाए रही है, भक्ति विवश एक प्रेम पुजारिन फिर भी दीप जलाए रही है...कृष्ण को गोकुल से राधे को बरसाने से बुलाए रही है दोनों करो स्वीकार कृपा कर जोगन आरती गाए रही है..।'

**विवाह फिल्म के गाने**

सवैया राधे कृष्ण की के अलावा फिल्म में उदित नारायण और श्रेया घोषाल का मुझे हक है, दो अनजाने अजनबी, मिलन अभी आधा अधूरा है, काफी पॉपुलर है। वहीं बाबुल सुप्रियो और श्रेया घोषाल का हमारी शादी में, पामेला जैन, और श्रेया घोषाल का ओ जिजी, सुदेश भोंसले का तेरे द्वारे पे आई बारात, सुरेश वाडकर, कुमार शानू और रवींद्र जैन का कल जिसने जन्म यहां पाया भी काफी सुने जाते हैं।

### अनाथ लड़की की है फिल्म की कहानी

विवाह 2006 में रिलीज हुई थी, जो बंगाली फिल्म सुभोदृष्टि का रीमेक है। फिल्म को सूरज आर बरजात्या ने लिखा और डायरेक्ट किया था। कास्ट में शाहिद कपूर और अमृता राव लीड रोल में थे। जबकि अनुपम खेर, आलोक नाथ, सीमा बिस्वास, अमृता प्रकाश, समीर सोनी और लता सभरवाल सपोर्टिंग रोल में थे। फिल्म की कहानी पूनम (अमृता राव) एक अनाथ लड़की है, जिसे उसके चाचा-चाची ने पाला है। वहीं दिल्ली के अमीर परिवार के लड़के प्रेम (शाहिद कपूर) का उसके लिए रिश्ता आता है। दोनों को प्यार होता है और सगाई होती है। लेकिन शादी से ठीक पहले घर में आग लग जाती है और पूनम अपनी चचेरी बहन को बचाते हुए बुरी तरह जल जाती है। प्रेम फिर भी उसे स्वीकार करते हुए शादी करता है।

### एक लाइन बनाने में लगाया था 1 साल, दिलचस्प है गाने की कहानी

## दरगाह के बाहर बूढ़ी महिला की लकीरें देख लिखा गाना

***नई दिल्ली।*** *कुछ गाने ऐसे होते हैं, जो दिल की गहराइयों में बस जाते हैं। फिर उन गीतों को आप कितनी बार, कितने साल भी सुन लो, आपका मन नहीं भरता, क्योंकि वह गीत ही दिल का सुकून बन जाते हैं। हालांकि, इस तरह के गाने को लिखने में कभी-कभी बहुत वक्त लग जाता है। एक ऐसा ही गाना साल 2009 में आया था, जिसकी एक लाइन लिखने के लिए लिरिसिस्ट को साल भर का समय लग गया था। उस एक लाइन को भी वह एक बूढ़ी महिला की वजह से ही पूरा कर पाए थे। कौन सा था वह गाना, जो आज बन चुका है दिलों का सुकून। पढ़ें गाने से सुना दिलचस्प किस्सा।*

### एक लाइन नहीं लिख पा रहे थे लिरिसिस्ट

जिस गाने की बात हम कर रहे हैं वह 17 साल पहले अभिषेक बच्चन और सोनम कपूर स्टारर फिल्म 'दिल्ली-6' का है। गाने के का टाइटल था 'अर्जिया'। इस गाने में एक ऐसी लाइन थी, जिसको लिखने के लिए गीतकार को कम से कम एक साल लगा था। हाल ही में प्रसून जोशी कौन बनेगा करोड़पति की हॉटसीट पर बैठे, जहां शो के मेजबान अमिताभ बच्चन ने उनसे पूछा, सबसे कठिन गाना आपके लिए क्या था, जिसके लिए आपको शब्द लिखने पड़े? इस सवाल का



जवाब देते हुए प्रसून जोशी ने कहा, "एक गीत है 'मरम्मत मुकद्दर की कर दो मौला', उसे मैंने अंत में लिखा, क्योंकि एक साल तक मुझे ये समझ नहीं आ रहा था कि मैं भक्ति में ऐसा नया क्या लिखूं।"

### *अर्जियां सारी मैं चेहरे पर लिख के लाया हूं*

*प्रसून जोशी ने गाने से जुड़ा किस्सा शेयर करते हुए आगे लिखा, मेरे सामने एक इमेज आई। बचपन में हम रामपुर में रहते थे। मैं स्कूल जाता था, तो रास्ते में एक दरगाह पड़ती थी। वहां पर एक बहुत ही बूढ़ी महिला मुझे हर बार दिखाई देती थी। उनके माथे पर मुझे बहुत लकीरें दिखाई देती थीं। मुझे ऐसा दिखा कि वह लकीरें एक तरह से दरारें हैं, जिनकी वह कह रही हैं कि मरम्मत कर दो। उसके बाद मैंने रहमान सर से कहा कि 'अर्जियां सारी मैं चेहरे पर लिख के लाया हूं। तुम से क्या मांगू तुम खुद ही समझ लो मौला। प्रसून जोशी ने जिस तरह से बूढ़ी महिला के मस्तक की लकीरों से वह गाना बनाया, इस किस्से को जानकर बिग बी भी हैरान रह गए। 17 साल पहले आए यह गाना आज भी कितनी बार भी सुन लो दिल में सुकून भर ही जाता है।*